# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार | 17.06.2024 | वर्ष 11, अंक 163 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110


**सुविचार**

निर्णय लेने और असफल हो जाना, इससे एक बात तो स्पष्ट है कि आप उस भीड़ का हिस्सा नहीं हैं, जो असफल होने के डर से निर्णय ही नहीं ले पाए हैं।

## क्विक न्यूज

### गुमला में चेकडैम में नहाने के दौरान दो बहनें डूबीं, एक की मौत



**गुमला :** जिले के पालकोट प्रखंड स्थित उत्तरी भाग पंचायत के शाही चट्टान गांव की दो सगी बहनें रविवार की सुबह गांव के चेकडैम में नहाने के दौरान डूब गयीं। इस हादसे में छोटी बहन अंजेला कुल्लू की मौत हो गयी जबकि अलमा कुल्लू की हालत गंभीर है। घटना के संबंध में बताया गया कि बसिया थाना क्षेत्र के कोनबीर भंडारटोली गांव निवासी जोहन कुल्लू की दो बेटियां अलमा कुल्लू व अंजेला कुल्लू नाना-नानी के घर शाही चट्टान आई थीं। दोनों बहनें रविवार की दोपहर गांव के बगल चेकडैम में नहाने गयीं थीं। दोनों नहाते हुए गहरे पानी में चली गई और डूबने लगीं। इसी बीच ग्रामीणों को किसी ने सूचना दी। ग्रामीणों ने दोनों बच्चियों को चेकडैम से बाहर निकाला और आनन-फानन में उन्हें सीएचसी पालकोट में भरती कराया गया, जहां चिकित्सक के नहीं होने पर नर्स ने इलाज शुरू किया लेकिन अंजेला कुल्लू की मौत हो गयी। बड़ी बहन अलमा कुल्लू को एंबुलेंस से सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया।

### बदरीनाथ धाम पहुंचे बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

**गोपेश्वर :** सुप्रसिद्ध कथा वाचक बागेश्वर धाम सरकार के नाम से प्रसिद्ध पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रविवार दोपहर को श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे। वह यहां भक्तों को 17 जून.से लेकर 19 जून तक तीन दिवसीय श्री हनुमान जी की रामभक्ति कथा का रसपान कराएंगे। तीन दिवसीय श्री हनुमान कथा यज्ञ का आयोजन परमार्थ लोक आश्रम बदरीनाथ में किया गया है।पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भक्त मंडली के साथ श्री बदरीनाथ धाम स्थित खाक चौक आश्रम पहुंचे, जहां आश्रम के संस्थापक संत बालक योगेश्वर दास जी महाराज तथा अन्य संत गणों ने उनका स्वागत किया। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने यहां उनके दर्शन को पहुंचे भक्तों का अभिवादन भी स्वीकार किया।

### पटना में नाव हादसा, परिवार के चार लोग लापता

**पटना :** पटना में गंगा नदी में अचानक नाव पलट गई। नाव पर सवाल परिवार के 17 लोग नदी में डूबने लगे। फौरन स्थानीय तैराकों और नाविकों उन्हें बचाने की कोशिश करने लगे। 13 लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। वहीं परिवार के चार लोगों की तलाश जारी है। इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम की मदद से गंगा नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है। लापता लोगों की तलाश जारी है।

### उत्तराखंड : पहाड़ से नीचे गिरी कार, 4 की मौत

**पौड़ी :** उत्तराखंड के पौड़ी जिले में रविवार को दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए. राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) से मिली जानकारी के अनुसार खिर्सू चौबट्टा के पास एक कार के अनियंत्रित होने और फिर 200 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार चार व्यक्तियों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया. एसडीआरएफ ने बताया कि घटना में घायल हुए तीनों लोगों को अस्पताल भेजा गया है और शवों को भी खाई से निकाल लिया गया है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

सीएम ने कई योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण

# सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री देगी : चंपाई

*** घर-घर पहुंच रही सरकार की योजनाएं, 24 घंटे हर पंचायत में मुहैया होंगी दवाइयां**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला-खरसावां :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनाएंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरे, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। अब राज्य के किसान भाइयों के खेत में सालभर पानी होगा। सालों भर खेत-खलियान हरा भरा रहेगा। अब राज्य के किसान भाई वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें, इस निमित्त कई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

### बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जल्द ही बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करेंगे और झारखंड प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। अब प्रदेश के हर पंचायत में ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जहां 24 घंटे दवाइयां उपलब्ध होगी।



**अबुआ आवास योजना के माध्यम से हर गरीब का होगा अपना आशियाना, आवास आवंटन में गड़बड़ी पाए जाने पर होगी कार्रवाई**

**182 योजनाओं की मिली सौगात :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाभुकों के बीच करीब 54 करोड़ 42 लाख 46 हज़ार 498 रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया एवं 182 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जहां 7000.759 लाख रुपये की 22 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ । वहीं, 16709.805 लाख रूपए की लागत से 160 योजनाओं की आधारशिला रखी।

**पढ़ाई में पैसा नहीं बनेगी बाधा, बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से करेंगे मददः** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपक बिरुआ, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल हरि प्रसाद केसरी, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा एवं जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत तमाम पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# जम्मू में आतंकवाद को कुचलें : अमित शाह



एजेंसी

**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें श्री अमरनाथ की आगामी वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था और हाल के आतंकवादी हमलों के मद्देनजर जम्मू क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। सूत्रों के अनुसार, शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्र शासित प्रदेश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को जम्मू क्षेत्र में उभरते आतंकवाद को कुचलने और किसी भी कीमत पर इसे फिर से पनपने नहीं देने का निर्देश दिया। साथ ही यात्रा के लिए पूर्ण सुरक्षा कवर पर जोर दिया। यह बैठक नई दिल्ली में हुई, जिसमें मनोज सिन्हा सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। गृह मंत्री को जम्मू में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को जम्मू में सक्रिय आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गृह मंत्री ने शिव कोहरी तीर्थयात्रियों पर हमले पर चिंता व्यक्त की और वैष्णो देवी, शिव कोहरी और अन्य तीर्थस्थलों पर आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए समन्वित प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों को सुरक्षा बलों और तीर्थयात्रियों की आवाजाही की सुरक्षा के लिए राजमार्गों और संवेदनशील बिंदुओं पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जम्मू में आतंकवादियों का समर्थन करने वाले तत्वों से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और किसी भी कीमत पर क्षेत्र में आतंकवाद को पनपने नहीं दिया जाना चाहिए।बैठक में कश्मीर और जम्मू में सभी पर्यटक स्थलों और स्थलों की सुरक्षा की योजना पर भी चर्चा की गई और आतंकवादियों द्वारा संभावित हमलों को रोकने के उपायों को भी दुरुस्त किया गया।

# ईवीएम पर फैलाई जा रही है अफवाह

**एलन मस्क और राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग का करारा जवाब**




**मुंबई उपनगर जिला कलेक्टर वंदना सूर्यवंशी ने ईवीएम पर जारी विवादों को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ईवीएम पर गलत ख़बर फैलाई गई है और सारे आरोप बेबुनियाद हैं. उन्होंने कहा, ईवीएम में अनलॉकिंग के लिए कोई ओटीपी नहीं आती है, जो खबर चल रही है वो पूरी तरह से गलत है. ईवीएम किसी मशीन से जुड़ा हुआ नहीं होता है.**

एजेंसी

**नई दिल्ली.** ईवीएम को लेकर उठ रहे विवाद पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग ईसीआई ने रविवार को साफ शब्दों में कहा कि ईवीएम को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है. मुंबई उपनगर जिला कलेक्टर वंदना सूर्यवंशी ने ईवीएम पर जारी विवादों को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ईवीएम पर गलत ख़बर फैलाई गई है और सारे आरोप बेबुनियाद हैं. उन्होंने कहा, ईवीएम में अनलॉकिंग के लिए कोई ओटीपी नहीं आती है, जो खबर चल रही है वो पूरी तरह से गलत है. ईवीएम किसी मशीन से जुड़ा हुआ नहीं होता है. ईवीएम के संबंध में राहुल गांधी के ट्वीट पर स्पष्टीकरण देते हुए उन्होंने कहा,जो खबर चल रही है, वो गलत है. ईवीएम के लिए किसी ओटीपी की जरूरत नही होती है, बल्कि रिजल्ट बटन प्रेस करके काम होता है. चुनाव आयोग ने ईवीएम को लेकर अपनी पूरी प्रकिया का पालन किया है.स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने ईवीएम के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए इसे बंद करने की सलाह दी है. उनके इस बयान के बाद कांग्रेस ने भी ईवीएम पर निशाना साधा. पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को इजाजत नहीं है. उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं.अधिकारी ने आगे कहा,कुछ लोगों को हमने डाटा अपलोड करने के लिए मोबाइल ले जाने की इजाजत दी थी. लेकिन उस संबधित व्यक्ति तक वो मोबाइल कैसे गया, उस पर हमने खुद भी एफआईआर दर्ज कराई है.

# लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर सियासी घमासान

### बीजेपी जो भी फैसला लेगी, हम उसका समर्थन करेंगे : जेडीयू

एजेंसी


**नई दिल्ली :** लोकसभा स्पीकर का चुनाव 26 जून को होना है. ऐसे में अभी से ही स्पीकर पद को लेकर एनडीए और इंडिया अलायंस में शामिल दलों के बीच जुबानी हमले तेज हो गए हैं. इंडिया अलायंस के नेताओं ने एनडीए के घटक दल टीडीपी को लोकसभा स्पीकर के पद पर समर्थन देने की बात कही है तो दूसरी ओर जेडीयू ने भी अपने इरादे साफ कर दिए हैं.जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने कहा, कांग्रेस जो कर रही है, वह ध्यान भटकाने वाला है, यह गलत है. क्योंकि परंपरा यह है कि सत्तारूढ़ गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी ही स्पीकर के बारे में फैसला लेती है. बीजेपी जो भी फैसला लेगी, हम उसका समर्थन करेंगे.

**सत्तारूढ़ गठबंधन की ओर से स्पीकर पद के लिए उम्मीदवार खड़ा किया जाना चाहिए : टीडीपी**

लोकसभा स्पीकर पर टीडीपी ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन की ओर से स्पीकर पद के लिए उम्मीदवार खड़ा किया जाना चाहिए. टीडीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पट्टाभि राम कोमारेड्डी ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, एनडीए के सहयोगी स्पीकर पद के चुनाव को लेकर एक साथ बैठेंगे और तय करेंगे कि स्पीकर के लिए उम्मीदवार कौन होगा. आम सहमति बन जाने के बाद हम उस उम्मीदवार को मैदान में उतारेंगे और टीडीपी समेत सभी सहयोगी उम्मीदवार का समर्थन करेंगे.







# भारतीय जनता पार्टी की हुई समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड के रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश, जिला, प्रखंड, स्तरीय नेता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक बुलाई गई । इस बैठक की अध्यक्षता उटारी रोड जिला परिषद भाजपा नेता अरविंद सिंह ने किया, वहीं मंच का संचालन भाजपा नेता वेद प्रकाश शर्मा कर रहे थे, इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर पांडे, भाजपा नेता सी एस दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे जिला परिषद विजय रविदास, मुख्य रूप से उपस्थित थे, सभी उपस्थित नेताओं ने बीते लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक जीत बताते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं को शुभकामना दी, वही आने वाला विधानसभा चुनाव को लेकर गहन चिंतन मंथन करते हुए बारी-बारी से कार्यकर्ताओं की समस्या से अवगत होते हुए, अपनी अपनी राय मांगा वही कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी राय देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं की सम्मान को ठेस पहुंचाने की बात कही, और बोला भाजपा कार्यकर्ता को बीते 10 वर्ष में अपेक्षित नजर से देखा गया, जिसे कार्यकर्ता में काफी असंतोष एवं निराशा व्याप्त है, उपस्थित भाजपा पदाधिकारी ने कार्यकर्ता को भरोसा दिलाते हुए सभी को एक मंच पर सम्मान के साथ लाने की बात कही और बोला भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता साधारण कार्यकर्ता नहीं होता हर दायित्व को पूर्ण रूप से निर्वहन करने की क्षमता होती है, साधारण से साधारण कार्यकर्ता पार्टी द्वारा चुने जाने पर विधायक बनने की क्षमता रखती है वही भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं को तेजी से संगठन में जोड़ने का कार्यक्रम चलाया जाएगा कार्यक्रम में उपस्थित, भाजपा नेता विनय कुमार शुक्ला, भाजपा नेता सुनील कुमार पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष नावा, रामनिवास पांडेय, सीताराम आर्य , पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष कुश कुमार ओझा, भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, रविंद्र उपाध्याय, बृजेंद्र पाठक, लक्ष्मीकांत पांडे, विनोद तिवारी, प्रेमानंद तिवारी, पुष्पेंद्र, सहित काफी संख्या में भाजपा नेता पदाधिकारी उपस्थित थे

# बकरीद को लेकर पिपरा में शांति समिति की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा थाना परिसर में मुस्लिम धर्मालंबियों के पवित्र त्यौहार बकरीद को लेकर प्रखंड के गण्यमान लोगों सहित पिपरा थाना पुलिसबल की उपस्थिति में शांति समिति का बैठक किया गया. बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपना अपना राय रखा. जिसमें बकरीद का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ से मनाया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसआई कुलेश्वर महतो ने कहा कि त्योहार चाहे हिंदू का हो या मुस्लिम समुदाय का दोनों ही त्यौहार का सम्मान करना हमारी जिम्मेवारी है अगर हम एक दूसरे के त्यौहार का सम्मान करते रहेंगे तो आपस में भाईचारा बना रहेगा उन्होंने कहा कि त्यौहार में विभिन्न प्रकार का अफवाहों को हवा देकर कुछ लोग माहौल को बिगाड़ना चाहते हैं वैसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि ऐसी कोई भी जानकारी आपको मिले तो सबसे पहले थाना को सूचित करेंगे इस मौके पर एसआई मनोज राणा नुनुराम मेहरा रविकांत राय जितेंद्र कुमार विक्रम सिंह विजय सिंह लक्ष्मण कुमार पिंटू कुमार सिंह लाल बहादुर सिंह कपिल देव राम भीम सिंह सागर सिंह राजू सिंह अंशु मिश्रा विष्णुदेव गुप्ता निरंजन सिंह मनोज सिंह जितेंद्र प्रजापति सहित अन्य दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे।


## नाबालिग की हत्या में शामिल अपराधियों को पकड़वाने वाले को एक लाख का इनाम देंगे : बीनू सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद से सटे बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर की नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला प्रशासन से अविलंब हत्यारों की गिरफ्तारी करने की मांग की है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि नाबालिग लड़की श्रेया के हत्यारों को जबतक गिरफ्तार करवा कर सजा नहीं होती है, तब तक झारखंड बिहार का क्षत्रिय समाज चुप नहीं बैठेगा। प्रशासन और सरकार की नींद हराम कर दिया जाएगा। उन्होंने हत्यारों को पकड़वाने वालों को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। जानकारी हो की नबीनगर की नाबालिग लड़की 11 जून को घर से कोचिंग के लिए निकली थी लेकिन, घर वापस नहीं लौटी। लापता होने के तीन दिन बाद नाबालिक का शव पुलिस ने बरामद किया। लड़की की मां ने अपनी बेटी की सहेली, उसकी मां और बगल गांव के एक युवक पर अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कराया है। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा है कि ये नियति कहे कि वहां के कानून व्यवस्था की कमी। क्या बेटियां सुरक्षित नहीं हैं? क्या वो अपनी पढ़ाई भी पूरी नहीं कर सकती? कैसी दरिंदगी है? नबीनगर की घटना बेहद शर्मनाक है, उन्होंने वहां के जिला प्रशासन से मांग की है की बेटी की घटना में सम्मिलित अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान हमारी बिटिया को अपने श्री चरणों में स्थान दे और इस दुख की घड़ी में परिवार को सहनशीलता दे।

## गढ़वा के खिलाड़ियों ने कुल 11 मेडल जीते




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** हजारीबाग टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रथम रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गढ़वा जिले के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीता जिसमे दो गोल्ड, तीन रजत और छह कांस्य पदक शामिल है। मेडल प्राप्त करने वाले में अंजली कुमारी, अनिमेष कुमार पांडेय, नीतीश कुमार मेहता, अभिजीत यादव, आयुषी कुमारी, कार्तिक पाल और पलक भारती का नाम शामिल है। अंजली कुमारी दो रजत एक कास्य,अभिजीत यादव एक कांस्य,,नीतीश कुमार मेहता एक गोल्ड,एक रजत, अनिमेष कुमार पांडेय एक गोल्ड, एक कांस्य, पलक भारती एक कांस्य, आयुषी कुमारी एक कांस्य, कार्तिक पाल ने एक कांस्य पदक हासिल किया। टीम के बेहतर प्रदर्शन पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई देते होए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालो में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता, दीपक, अशोक कुमार दुबे, संजय सोनी, सिस्टर रोशना, अशोक विश्वकर्मा, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, ललन सोनी, संतोष कश्यप, सुशील केशरी, मुजीबुदीन खान, चंद्रभूषण सिन्हा, उमेश सिंह, आशुतोष रंजन, पंकज कुमार सोनी, मनोज पाठक, मिथिलेश कुमार सिंह, रजनीश कुमार, विकास, प्रवीण शुक्ला, दुर्गेश कुमार दुबे, जयदेव पाल, प्रदीप कुमार, इम्तियाज, अनिल मेहता, सचिन, नवनीत शुक्ला सहित कई अभिभावक शामिल है।

## किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र की मोदी सरकार : कर्नल संजय



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए शपथ लेने के तुरंत बाद ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना की सत्रहवीं किस्त जारी करते हुए साढ़े नौ करोड़ किसानों को लाभान्वित कर अपना वचन निभाया है। उक्त बातें भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ये कार्य उनके किसानों के प्रति उनकी संवेदना तथा लगाव को दर्शाता है। केंद्र की मोदी सरकार किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सालाना 6,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। पिछली किस्त फरवरी में जारी हुई थी। इसलिए 17वीं किस्त का समय जून में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सत्रहवीं किस्त अठारह जून के बाद किसानों के खाता डाल जाएगा। उन्होंने समस्त किसानों कि तरह से मोदी जी का आभार प्रकट किया।

## शांति और भाईचारे के साथ मनाए बकरीद का पर्व : पुलिस निरीक्षक

**हुसैनाबाद,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हुसैनाबाद थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने की, संचालन एसआई शशि शेखर पांडेय ने किया, मौके पर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा की पर्व त्योहार किसी समुदाय का हो शांति और भाईचारे के साथ मानना चाहिए। सभी लोगों के सहयोग से ही शांति बरकरार रखा जा सकता है। ऐसा कोई कदम ना उठाए जिससे दूसरे लोगों को ठेस पहुंचे। पर्व के दौरान असामाजिक तत्व पर प्रशाशन की पैनी नज़र रहेगी। मौके पर थाना के मो, अली, शांति समिति सदस्य के रुप में डॉक्टर एजाज आलम, उदय सोनी, जमील अहमद, मो खालिद, अर्जून गुप्ता, सुहैल आलम, अवधेश सिंह, अजय मोदनवाल, समेत कई लोग मौजूद थे।

## जिला परियोजना पदाधिकार तथा एसडीओ ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण, कर्मियों को लगाई फटकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा एवं जिला परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार ने रविवार को नगर ऊंटरी प्रखंड के चितविश्राम पंचायत के बम्बा व बरडीहा गांव में चल रहे मनरेगा योजना के कार्यो का स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरडीहा ग्राम में यदुनाथ चौधरी का कूप निर्माण,व बम्बा गांव में तीन टीसीबी योजना का औचक निरीक्षण किया गया। इसमें यदुनाथ चौधरी के खेत में कूप निर्माण का गहराई के बारे में कनीय अभियंता से जानकारी लिया। साथ ही उन्होंने कूप निर्माण के लिए रखे गए घटिया किस्म के बालू को देख एसडीओ ने कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एस्टीमेट के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं बम्बा गांव में गयासुद्दीन अंसारी के खेत में टीसीबी निर्माण,जक्मा बीबी के खेत मे टीसीबी निर्माण और सेराज अंसारी के खेत में टीसीबी निर्माण का निरीक्षण किया। टीसीबी को देखकर एसडीओ ने उपस्थित कनीय अभियंता रणधीर कुमार पर भड़क उठे। उन्होंने कनीय अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए समय-समय पर योजना स्थल का निरीक्षण करने और कार्य के अनुसार भुगतान करने का निर्देश दिया। जांच के बाद एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत किया गया था कि बम्बा गांव में कई टीसीबी योजना में बिना कार्य किए ही पैसा का निकासी किया गया। वही बरडीहा गांव में यदुनाथ चौधरी के खेत मे कूप निर्माण में पुराने कुप में खुदाई कर पैसे का निकासी किया गया। उन्होंने कहा प्रथम दृष्टि योजना में उतनी गड़बड़ी नहीं है लेकिन कुछ तो गड़बड़ियां पाई गई है। उन्होंने कहा कि जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीपीओ राजदीप कुमार, सहायक अभियंता उज्जवल अग्रवाल, कनीय अभियंता रणधीर कुमार, पंचायत सचिव वीरेंद्र सिंह रोजगार सेवक मनीष चौबे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# कुंबाखुर्द डीलर की बड़ी करतूत अंगूठा लगवाया दो महीने के वितरण पर, राशन दिया एक महीने का

### एक ही तारीख में दो-दो मिनट के अंतर पर मई-जून के लिए अंगूठा लगवा लिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार किसी भी हालत में सुधरने के लिए तैयार नही।ऊपर से नीचे तक पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार में लिप्त है।किसी एक डीलर का मामला सुलझता नही है।दूसरा सामने आ जाता है।ऐसा ही भर्ष्टाचार में सर तक डूबा कुंबाखुर्द के डीलर चंदन खालको का है।जिन्होंने 25 अप्रैल 24 को मई माह का 55.79 कुन्तल राशन का गोदाम से उठाव कर लिया। पूरा मई महीना बीत जाने के बाद भी उन्होंने राशन का वितरण नही किया। या यूं कहें कि उन्होंने पूरा राशन दुकान तक लाया ही नही बीच मे ही राशन बेच दिया।बाद में उन्होंने 21मई24 को जून माह का 54.87कुन्तल राशन का उठाव किया।बस खेल यही से शुरू होता है।चंदन खालको द्वारा सात जून से 14 जून तक राशन का वितरण किया गया। हुआ यह कि मई माह का बेचा गया राशन की पूर्ति के लिए डीलर चंदन खालको ने लाभुको से मई और जून दोनो महीने का राशन वितरण का अंगूठा लगवा लिया।इसकी पुष्टी ऑन लाइन से निकली गई वितरण की रिपोर्ट करती है। जिसमें मात्र 2 से 5 मिनट के अंतराल पर मई और जून दोनो का अंगूठा लगाने का टाइमिंग दर्ज है। लाभुको को मिला मात्र एक महीने का राशन।इसकी पुष्टि लाभुको के द्वारा दिया गया बयान है। कही -कही तो जून माह का वितरण पहले और मई माह का वितरण बाद में किया गया है। हालांकि किसी भी लाभुक को यह पता नही चला कि डीलर दो-दो बार अंगूठा लगवा कर एक महीना का राशन दे रहा है। जब लाभुको को इस कि जानकारी हुई तो लाभुको में आक्रोश भर गया। कुछ लाभुको ने बताया कि जानकारी के बाद बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना देने की बात कहा है।बताते चले कुल 132 लाभुको के साथ डीलर ने यह धोखा धड़ी किया है। जिसमे एक ही झटके में डीलर ने बेचे गये लगभग 56 कुन्तल राशन में से लगभग 31.5कुन्तल राशन जिसमे25.37 कुन्तल चावल और 6.15 कुन्तल गेहू की भरपाई कर लिया और इस बात का खबर किसी को भी नही हो पाया।ऐसी भी सूचना मिली हैं की डीलर द्वारा किये गए धोखा धड़ी की जानकारी मिलने पर प्रखन प्रमुख उर्मिला देवी तथा उप प्रमुख गणेश प्रताप देव् कुंबाखुर्द स्थित डीलर की दुकार पर पहुचे तो डीलर चंदन खालको दुकान बंद कर भाग गया।कुम्बा खुर्द के लाभुक जिरमतीया कुँवर,राजकेश्वर चौधरी,सोना चौधरी,अमर नाथ चौधरी,अमर सरई ग्राम के चम्पा देवी,राजकुमारी देवी,पतिया कुँवर ने बताया कि हम लोग अनपढ़ है।हमसे चावल के लिए डीलर अंगूठा लगवाया और दुबारा दाल के किये कह कर अंगूठा लगवाया।हमे क्या पता कि दुबारा अंगूठा लगवा कर हमारा एक महीने का राशन खाने के चक्कर मे है।

## एक महिला सहित दो ने कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के अलग अलग ग्रामों में बीती रात एक महिला सहित दो लोगो ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। दोनो के परिजनों ने अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहा चिकित्सक ने दोनो का स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के मर्चवार ग्राम में कुमार चौधरी के 29 वर्षीय पुत्र सतेंद्र चौधरी ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने बताया की किसी बात को लेकर सतेंद्र ने घर में रखे कीटनाशक दवा खा लिया। वही थाना क्षेत्र के चितविश्राम ग्राम निवासी अंजन प्रसाद गुप्ता की 24 वर्षीय पत्नी गीता देवी ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया जहा चिकित्सक ने स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है की पति पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था जिसके बाद गीता ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

## आपसी विवाद में हुए मारपीट में 9 घायल

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कुशदंड गांव में बीती रात भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट में 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया जहा चिकित्सक ने एक की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मारपीट की घटना में घायल होने वालो में एक पक्ष के जवाहिर पाल उम्र 65 बर्ष, 50 वर्षीय पत्नी सुरती देवी, ललू पाल उम्र 62 बर्ष , 29 वर्षीय पुत्र नागेंद्र पाल तथा दूसरे पक्ष के मोहम्मद अंसारी उम्र 55 बर्ष, कसमुदीन अंसारी, ग्यासुदीन अंसारी, मुसरब अंसारी तथा मतोहर अंसारी का नाम शामिल है। जवाहिर पाल को इलाज के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बारे में पहला पक्ष ने बताया कि जिस जमीन पर दूसरा पक्ष के लोग दावा कर उक्त भूमि पर जबरन मकान बनाने का प्रयास कर रहे थे वह भूमि हमलोग का है। जब हमलोगो ने मकान बनाने के लिए मना किया तो दूसरे पक्ष के लोगो ने लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया। वही दूसरे पक्ष के लोगो ने बताया की वह अपने खातियानी भूमि पर मकान बना रहे है। जवाहिर पाल के लोग बिना कोई जानकारी दिए सीधा आकर लाठी डंडा से मार पीट करने लगे। मारपीट की घटना के बाद दोनो पक्षों के लोगो ने स्थानीय थाना में मारपीट करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# सुन्दरीकरण के नाम पर बर्बाद हो गया बक्शी उच्च विद्यालय का ऐतिहासिक मैदान

### नगर पंचायत के निक्कमी व्यवस्था के कारण धरोहर हो रहा है विनाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बक्शी उच्च विद्यालय मैदान सुन्दरीकरण के नाम पर हो गया बर्बाद,जी हां विकास के नाम सरकारी पैसे का दुरुपयोग ही नही बल्कि शहर ऐतिहासिक धरोहर के नाम से जाने पहचाने वाले अंग्रेजी हुकूमत के समय से स्थापित यह विद्यालय अपने आप मे ऐतिहासिक धरोहर रहा है जहाँ के मैदान पूर्व बड़े बड़े नेता हेलीकॉप्टर से मंच साझा किया करते थे खेल के लिए यह हुसैनाबाद का मात्र एक मैदान था जहाँ जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय फुटबॉल व क्रिकेट के सुपर मैदान थी लेकिन वर्तमान में यह मैदान में नगर पंचायत व शहरी विकास मद से सुन्दरीकरण किया जा रहा जिसमे ना तो एईई,और ना जेईई कभी जमीन पर उतर कर उसके अनुकूल योजना बनाया और ना ही हो रहे निर्माण कार्य की सुद्धि लिया आलम यह हैं इस चारदीवारी युक्त मैदान के बगल से नाली व फेवर ब्लॉक का पाथवे बनाया जा रहा जिसमे ना कंक्रीट बेड बना है और ना ही नाली की पानी की कोई निकासी हैं उतना ही नही पूर्व से यह मैदान को मिटी फिलिग कर ऊंचा किया गया हैं जिसमे घटिया पथरीला मिट्टी का उपयोग किया जा रहा और लेबल भी नही है जिसके कारण मैदान में रोड़ा और पत्थर दिखाई पड़ रहे हैं जिसके कारण यह मैदान अब बच्चों के कोई खेल के लिए उपयुक्त नही बचेगा वंही मैदान को और कन्जेटेड बना दिया गया, उतना ही नही अनुमण्डल के कर्पूरी मैदान को इसी तरीके से बर्बाद किया गया हैं।इसका सबसे मूल कारण है जो भी योजना बनाया से उससे पूर्व उसका आर्केटेक या स्थलीय सत्यापन नही किया जाता है जब योजना पास हो जाता हैं कार्य प्रगति पर रहता हैं तो जेईईऔर एईई खानापूर्ति में लग जाते हैं बरहाल जो भी हैं लेकिन बक्शी उच्च विद्यालय पलामू जिला के धरोहर के रूप में स्थापित है ।

## अनुसूचित जाति छात्रावास का गेट तोड़ कर चोर ले गए समान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** राजकीय +2 उच्च विद्यालय धुरकी के अनुसूचित जाति छात्रावास में चोरी करने के लिए चोरों ने गेट तोड़कर छात्रावास में रखे समान को चोरी कर घटना को अंजाम दिया है, चोरी की घटना का जानकारी प्रधानाध्यापक को शनिवार को मिली, इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश पाठक ने बताया की जब हमने शनिवार को छात्र छात्राओं को नामांकन करने के लिए विधालय में पहुंचा तो देखा की छात्रावास के मुख्य गेट के ग्रील में ताला लगा हुआ है,और छात्रावास में ही जब पीछे के साइड का दरवाजा देखा तो टूटा हुआ था वही चोरों ने दरवाजा तोड़कर छात्रावास में रखे बेड, कुर्सी, बिजली बोर्ड सहित अन्य सामग्री का चोरों ने चोरी कर लिया है, तथा दरवाजा तोड़ने के बाद गांव के आवारा पशुओं का बसेरा लगा हुआ था, प्रधानाध्यापक ने इसकी लिखित शिकायत थाना को दे दिया है।

## गंगा दशहरा व परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का महाप्रयाण दिवस पूजा पाठ व धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनाया गया

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री जयंती, गंगा दशहरा व परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का महाप्रयाण दिवस पूजा पाठ व धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनाया गया. इस अवसर पर सामूहिक जाप, हवन-यज्ञ किया गया. सजल श्रद्धा और प्रखर प्रज्ञा का पूजन करते हुए विशेष आहुतियां दी गई.इस गायत्री महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति दी और घर परिवार में सुख शांति, समृद्धि व विश्व कल्याण की मंगल कामना की. गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिवाजक ललसु राम के द्वारा गायत्री भजनों के माध्यम से मां गंगा की महिमा का गुणगान किया गया, वहीं बांसुरी वादक सुजीत कुमार ने अपनी मधुर बांसुरी वादन प्रस्तुत किया। महाआरती के बाद कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक अजीत चौबे ने कहा कि गंगा दशहरा के दिन ही गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था एवं मां गायत्री का भी जन्म हुआ था। इसी दिन परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने देह त्याग किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी धूमधाम से मनाई

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची से करीबन 45 किलोमीटर दूर खूंटी एवं मुरहू में माहेश्वरी समाज के 10 परिवार बसते हैं। 5157 वां माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस खूंटी मुरहू के समस्त परिवार ने मिलकर महेश नवमी का महोत्सव काफी धूमधाम से मनाया।इस शुभ अवसर पर प्रातः सभी परिवार के सदस्यों ने शिवालय में जाकर सामूहिक रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना की। इसके बाद सेवा कार्य किया ।सदर अस्पताल मातृ शिशु अस्पताल में जाकर एक सौ मरीजों के बीच फल ,जूस और बिस्कुट का वितरित किया।समाज के इस विशेष आयोजन में गोवर्धन शारदा, नंदकिशोर सोमानी , श्याम सुंदर साबू, राजकुमार सोमानी, ओम प्रकाश भाला, श्रीप्रकाश भाला, जयप्रकाश भाला, बजरंग लाल बहती, माधव भाला, मनीष सोमानी, सरोज माहेश्वरी, मोनिका भाला एवं बीना भारती का सहयोग रहा।

### रांची में लॉ वर्कशाप में आरपीएफ कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**रांची :** शहर के हटिया डीआरएम बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में रविवार को लॉ वर्कशाप का आयोजन हुआ। वर्कशाप में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही रांची मंडल के आरपीएफ अफसरों और स्टाफ को पुराने कानून में हुए संशोधन का प्रशिक्षण दिया गया। वर्कशॉप में रांची लॉ कॉलेज के प्रोफेसर एस श्रीवास्तव और उत्कर्ष वर्मा एवं अधिवक्ता प्रदीप सरकार ने आरपीएफ कर्मियों को जानकारी दी। वर्कशॉप की अध्यक्षता रांची मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने की।

# बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात

**राज्य पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि 4900 पुलिस बल, छह कंपनी रैपिड एक्शन पुलिस, 5 कंपनी सीआरपीएफ, एक कंपनी सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स के अलावा 5000 होमगार्ड जवानों की अतिरिक्त तैनाती विभिन्न जिलों में की गयी है।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बकरीद पर्व को लेकर झारखंड में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। राज्य पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि 4900 पुलिस बल, छह कंपनी रैपिड एक्शन पुलिस, 5 कंपनी सीआरपीएफ, एक कंपनी सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स के अलावा 5000 होमगार्ड जवानों की अतिरिक्त तैनाती विभिन्न जिलों में की गयी है।इसके अलावा सभी जोन के आईजी-डीआईजी के पास एक हजार रिजर्व पुलिस बल रखा गया है, ताकि विपरीत स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके. राज्य भर के थानों में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थान चिह्नित किये गये हैं। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह में पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस मुख्यालय झारखंड की तरफ से सभी जिले के एसपी को बकरीद के दौरान जवानों की प्रतिनियुक्ति सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ आवश्यकतानुसार करने को कहा गया है। संवेदनशील इलाकों में दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन सहित अन्य उपकरणों के साथ जवान तैनात रहेंगे। ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी उपद्रवी तत्वों पर निगरानी रखी जायेगी। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहने को कहा गया है।

### बकरीद पर विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश

बकरीद को लेकर रांची नगर निगम शहर की सभी मस्जिदों और मदरसों के आस पास विशेष सफाई अभियान चलायेगा। सहायक प्रशासक ने इसका आदेश जारी कर दिया है। सभी सुपरवाइजर व जोनल सुपरवाइजरों से कहा गया है कि इन जगहों पर नालियों की सफाई, सड़कों पर झाड़ू लगाने के साथ-साथ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जाये।

## हमारे जैसे छोटे कार्यकर्ता को मोदी कैबिनेट में जगह मिलना यह सिर्फ भाजपा में ही संभव : सांसद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा रांची महानगर और ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में रांची के चिरोंदी स्थित आशिर्वाद बैंक्वेट हॉल में भारत सरकार में नवनियुक्त रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का अभिनंदन कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया। अभिनंदन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरूण साहू ने किया। अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के जी तोड़ मेहनत एवं जनता का मोदी पर अटूट विश्वास से यह जीत सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा की हमारे जैसे छोटे कार्यकर्ता को मोदी कैबिनेट में जगह मिलना यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय नेतृत्व को आभार जताते हुए कहा की रांची की जनता का विश्वास कभी टूटने नहीं देंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमे जो भी परिश्रम करना पड़े हम करेंगे। उन्होंने झारखंड सरकार पर हमला करते हुए कहा की राज्य जंगल राज्य की ओर बढ़ रहा है। चोरीङ्कडकैती राज्य में आम हो चुका है। पूरे देश में झारखंड भ्रष्टाचार के लिए चर्चित है। श्री सेठ ने कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता झामुमो सरकार की विदाई कर देगी।

## मारवाडी युवा मंच ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने लगातार तीसरे दिन भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया। 16.06.24 दिन रविवार को हरमु रोड स्थित दिगंबर जैन भवन तथा अरगोड़ा स्थित ओशीऐनिक एक्सोटिका मे दो रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुए। दोनों रक्तदान शिविर मे 58 लोगों ने रक्तदान किया जिसमे से 10 लोगो ने पहली बार रक्तदान किया। मारवाड़ी युवा मंच सभी रक्तदाताओं का बहुत बहुत आभार करता है। कार्यक्रम के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल,सचिव सोनित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्ष चौधरी, राष्ट्रीय रक्तदान संयोजिका नेहा पटवारी, प्रांतीय मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पाड़िया, निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी, पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी,मनिष लोधा, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, अमित जांगिड़,विकाश गोयल,यश सुरेखा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सोना-चांदी व्यवसाय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सोना चांदी व्यवसाय समिति का एक प्रतिनिधिमंडल वरीय आरक्षी अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा । साथ ही प्रशासन के लगातार सार्थक प्रयास को देखते हुए प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें और समय दिया गया । सोना चांदी व्यवसाय समिति के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें मुख्य रूप से पीड़ित दुकानदार न्यू पंचवटी ज्वेलर्स के मलिक दीपक साहू सहित चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्य एवं व्यवसाय उमेश प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष गोपाल सोनी, कान्यकुब पंचायत के



महासचिव एवं व्यवसाय मुकेश , जिला अध्यक्ष वरमा उदय बर्मन ने विस्तृत रूप से घटना के संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक से विस्तृत जानकारी का लिया एवं कार्य प्रणाली पर संतोष जाहिर किया। आगामी 72 घंटे का जो आंदोलन के समय सीमा निर्धारित की गई थी उसे पुणे 72 घंटे के लिए आगे बढ़ाया गया।

## दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रविवार को दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया, रांची के आश्रम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 450 से भी अधिक लोगों ने भाग लिया। योगदा आश्रम में योग दिवस की शुरुआत उत्साहपूर्ण ढंग से हुई। सबसे पहले योगदा सत्संग के संस्थापक श्री परमहंस योगानंद तथा अत्यंत लोकप्रिय पुस्तक योगी कथामृत के बारे में जानकारी के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में आगंतुकों को योग ध्यान के मूल सिद्धांतों से परिचित कराया गया।वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानंद गिरि ने ध्यान योग द्वारा संतुलन एवं



शांति प्राप्त करना विषय पर मार्गदर्शन दिया। योग के माध्यम से अनुभव की जा सकने वाली शांति से परिचय कराने को स्वामीजी ने हिन्दी में एक निर्देशित ध्यान सत्र का संचालन किया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम श्री श्री परमहंस योगानन्द–वाईएसएस के संस्थापक और अत्यन्त लोकप्रिय पुस्तक योगी कथामृतके लेखक–के परिचय के साथ प्रारम्भ हुआ।

## रांची झील की साफ सफाई को लेकर पिछले 5 दिनों से लगातार चल रहा है सत्याग्रह : राजीव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** रांची झील बचाओ अभियान समिति राँची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में राँची झील की साफ सफाई को लेकर पिछले 5 दिनों से लगातार सत्याग्रह किया गया ।सत्याग्रह में मुख्यरूप से राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश उपस्थित थे । सत्याग्रह कार्यक्रम में राँची झील के आसपास के लोगो ने सैकड़ो की संख्या में भाग लिया ।राँची झील की वास्तविक स्थिति को देखते हुए दीपक प्रकाश जी ने उपायुक्त राँची राहुल कुमार सिन्हा से बात की एवं राँची झील की साफ सफाई को लेकर स्थायी समाधान करने की मांग की । उपायुक्त राँची राहुल सिन्हा ने राज्यसभा सांसद की बातों



को सुना एवं राँची झील में होने वाली सफाई कार्यो की जानकारी दी ।मिश्रा ने राज्यसभा सांसद एवं उपायुक्त राँची के द्वारा दिए गए आस्वासन के बाद सत्याग्रह को स्थगित किया एवं कहा कि भविष्य में भी अगर राँची झील की समस्या सामने आती है तो समिति के द्वारा आंदोलन किया जाएगा एवं राज्य सरकार तक समिति के बातो को पहुँचाया जाएगा । प्रकाश ने राँची झील बचाओ अभियान समिति के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया एवं कहा कि समिति के द्वारा किए गए निरंतर प्रयास से राँची झील को बचाने में काफी मदद मिली है । सत्याग्रह कार्यक्रम में लंकेश सिंह , उपेंद्र रजक , राम मनोज साहू , वार्ड पार्षद सुनील कुमार , इंदर सिंह , मो परवेज , रंजीत पासवान , मो अकबर , जितेंद्र साहू , प्रदीप कुमार , पंकज पासवान , चंदन कुमार , अविनाश पासवान ,बीरू पासवान , अमन कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## आजसू अपना स्थापना दिवस 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के बाद आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक कांके में हुई। इसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, पार्टी के उपाध्यक्ष और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत पार्टी के सभी पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष मौजूद थे। केंद्रीय समिति की बैठक में गिरिडीह से दूसरी बार सांसद चुन कर आए चंद्रप्रकाश चौधरी को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना पार्टी के अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों ने की, लेकिन केंद्रीय कैबिनेट में आजसू को प्रतिनिधित्व नहीं दिये जाने पर कोई चर्चा नहीं हुई। केंद्रीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी 22 जून को अपना स्थापना दिवस पूरे राज्य में बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी और इस अवसर पर 100 पौधा लगाने का लक्ष्य हम सबके सामने होगा। इसी प्रकार 26 जून से 26 जुलाई तक पूरे झारखंड में गांव- गांव जाकर चूल्हा प्रमुख का चयन किया जाएगा और इस चूल्हा समिति में प्रत्येक घर के सदस्यों को जोड़ा जाएगा। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि 8 अगस्त को 1 लाख नए युवा सदस्यों को पार्टी के द्वारा शपथ दिलाई जाएगी । यह युवा आजसू पार्टी के नेतृत्व में झारखंड के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करेंगे। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंडी अखाड़ा के रूप में विधानसभावार कार्यक्रम भव्य रूप से मनाए जाएंगे। 16 अगस्त से 2 अक्टूबर तक पूरे झारखंड में पद- यात्रा का कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित होगी । उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरे झारखंड में 800 केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य हैं और यह सभी पार्टी के विस्तार के साथ-साथ झारखंड के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## कांग्रेस की चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा के लिए गठित चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू की अध्यक्षता में रविवार को कांग्रेस भवन में संपन्न हुई। बैठक में प्रदीप कुमार बालमुचु सहित सभी सदस्यों ने आपस में विचार कर जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए पूरा खाका तैयार किया। बालमुचु ने कहा कि कांग्रेस ने सात सीटों पर गठबंधन के तहत उम्मीदवार उतारे थे। इसमें हमें सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली। बाकी पांच सीटों पर हार के कारणों की पड़ताल जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड महागठबंधन की सरकार के द्वारा जनहित में किए गए कार्य और केंद्र सरकार की विफलता, केंद्र सरकार द्वारा किसानों, महिला युवा और अन्य वर्गों के खिलाफ निर्णय लेने के बावजूद हार मिलना आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को और बेहतर करने की और प्रेरित करता है। अभी भी समय है कि हम समस्याओं की तह में जाकर संगठन की जमीनी हकीकत से रूबरू हों ताकि विधानसभा चुनाव तक संगठन को मजबूत कर हम 2019 से भी ज्यादा अच्छा परिणाम हासिल कर सके। बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि प्रथम चरण में समिति गोड्डा, धनबाद, हजारीबाग, चतरा, रांची लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करेगी। इस दौरान लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक जिला मुख्यालयों में समिति के सदस्य पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ कांग्रेसजनों से जानकारी लेंगे कि चुनाव में किस प्रकार की चूक हुई।

## खस्सी चोरी करके भाग रही कार में लगी आग, एक चोर हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पीछले महीने लोअर बाजार पुलिस बकरी चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बावजूद गांव से बकरी चोरी करने वाले गिरोह में पुलिस का भय पैदा नहीं हुआ। इसका इस बात से पता चलता है कि नामकुम थाना क्षेत्र के लाली कोयनार टोली के पास आक्रोशीत ग्रामीणों ने एक वेन्यू कार जिसका नंबर (जेएच 01 एफजी 1932) का पीछा कर रहे थें। कार आगे जाकर एक पेंड़ से टकरा गयी और उसमें धू-धूकर आग लग गयी। यह घटना शनिवार दोपहर लगभग तीन बजे की है। इस कार में चार लोग सवार थें। पुलिस का आरोप है कि ये लोग कार में खस्सी चुराकर अनगड़ा के पईका थड़पखना से तेज रफ्तार में लाली की ओर जा रहे थें। पईका थड़पखना के कुछ ग्रामीण बाईक से कार का पीछा कर रहे थें। बाईक सवार ने लाली के ग्रामीणों को यह सूचना दी कि एक कार में खस्सी चोर भाग रहा है उसे पकड़ा जाए। इसके बाद लाली में रहनेवाले कुछ ग्रामीण रोड पर बड़े बड़े बोल्डर रख दिए ताकि कार को रोक दिया जायेगा, लेकिन कार चालक बोल्डर को भी पार करते हुए तेज रफ्तार में कार को निकाल लिया। ग्रामीण कार पर ईट पत्थर चलाकर कार के कांच को तोड़ डाले। भागने के क्रम में कार असंतुलित हो गया और कोयनारटोली के पास एक पेंड़ से टकरा गयी। टक्कर होते ही सभी कार सवार लोग बाहर



निकलकर जान बचाकर जंगल की ओर भाग गये । इसके बाद कार से अचानक धुआं उठने लगी और कार कुछ ही क्षणों के बाद धू-धूकर जलने लगी। कार में सवार भागे हुए युवकों को खोजने के लिए कुछ ग्रामीण जंगल में तालाश कर रहे थें। काफी खोजबीन के बाद शाम तक जब कोई नहीं मिला तो ग्रामीण अपने-अपने घर वासपस आ गए। लेकिन कार सवार जंगल की ओर भागे हैं यह बात पूरे गांव में फैल गयी थी। इसे लेकर सभी ग्रामीण चैकन्ना थें। रात लगभग 8 बजे दो युवक जंगल से निकलकर होरहाप के रास्ते जा रहा था। ग्रामीण दोनों को रोककर पूछताछ करने लगे तो एक युवक चकमा देकर वहां से भाग निकला दूसरे को खदेड़कर ग्रामीण पकड़ लिए। पूछताछ में उसने बताया कि वह कांके स्थित दांगी खटंगा निवासी गुलाब रब्बानी है। ग्रामीणों ने उसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस बाकी तीन और युवकों की तालाश कर रही है । इस संबंध में नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया की घटना घटी थी कार पेड़ से टकराते ही उसमें आग लग गई। मामला अनगड़ा थाना क्षेत्र से है, वहां के ग्रामीण कार की पीछा कर रहे थे, जहां तक चोरी की बात है तो अभी तक किसी ने मामला दर्ज नहीं कराया है , हो सकता अंगड़ा में मामला दर्ज हुआ हो, हमारे यहां दर्ज नहीं हुआ है। एक लड़का को ग्रामीणों ने पकड़ा था उससे पूछताछ जारी है।

## झारखंड के हॉकी प्रशिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिला में ग्रास रूट से हॉकी का गुर सीखा रहे हॉकी प्रशिक्षकों के लिए हॉकी इंडिया, हॉकी झारखंड और खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग ,झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन 16 से 18 जून 2024 तक रांची के मोरहाबादी हॉकी स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। जिसका विधिवत उद्घाटन हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने किया। विशेष कार्यशाला में सामिल सभी 73 प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह प्रशिक्षण दे रहे है,।हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि झारखड की भूमि हॉकी के लिए काफी उर्वरा पूर्ण है और यहा से दर्जनों दर्जन हॉकी खिलाड़ी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है और कर भी रहे है। झारखंड से और अधिक हॉकी खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे ,जिसके लिए झारखंड में ग्रास रूट से हॉकी का प्रशिक्षण दे रहे सभी इलाके के




प्रशिक्षकों में भी और अधिक निपुणता लाने के लिए हमलोंगो ने खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन कर रहे है। इस मौके पर उपस्थित हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने कहा मैं इस आयोजन के लिए खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक सुशांत गौरव का कोटि कोटि आभार व्यक्त करता हूं जो झारखड़ के प्रशिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए हमेशा चर्चा करते थे । उनके खेल के विकास के दुर्दशी सोच के कारण इस कार्यशाला का आयोजन झारखंड में किया जा रहा है, इस तरह से अनुभवी प्रशिक्षकों के साथ हमारे राज्य प्रशिक्षकों के साथ आयोजित कार्यशाला में हमारे प्रशिक्षक में निपुणता आयेगी। इस मौके पर हॉकी झारखंड के रजनीश कुमार, खेल कूद विभाग के देवेन्द्र सिंह एवम अन्य पदाधिकारी उपाथित थे।

## राज्य में मौजूदा हालात बदलने के लिए संकल्पित होकर काम करें : सुदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर काम करें। समय कम है और हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। राज्य के विषय विचार और भावना की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करें। जनता के बीच अपनी मौजूदगी को रिश्ते में बदलना है। सुदेश कुमार महतो रविवार को रांची कांके रिंग रोड स्थित सुनैना बैंक्वेट हॉल में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी पदाधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है। संघर्ष के बूते ही हम




अपने संकल्पों को पूरे करेंगे। इस राज्य ने पिछले साढ़े चार साल में खोया बहुत कुछ है। उसे वापस लाना है। इसलिए एक- एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। पार्टी के पदाधिकारियों से भी उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर वे हर वर्ग में पहुंचे।

## बीसा पंचायत में संपन्न हुआ महाशिव मण्डा पूजा



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीसा पंचायत पाहन टोली में विगत रात भव्य महाशिव उपासना के साथ आग पर चल कर फुलखुन्दी कार्यक्रम को सोकता और भोगता ने अपना शिवभक्ति का परिचय दिए इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा शिव की महिमा पूजा पाठ करने से एवं इस तरह का गॉव में मण्डा पूजा करने से ग्रामीणों के बीच शिव भक्तों में विश्वास बढेगा,जिससे समाज में आपराधिक घटना और समाज में बढ़ रहे कुरीतियों का अंत होगा इसी बीच छः निर्त्य की शुरुआत केंद्रीय सचिव पारसनाथ उराँव के साथ सामुहिक रूप से फीता काटकर पंचायत के मुखिया मनज्योति देवी,भाजपा नेता सत्यदेव भोगता, उमेश बड़ाईक और मण्डा पूजा समिति के संचालन दिलीप कुमार पाहन,अध्यक्ष समल मुंडा,सचिव सलिखराम बड़ाईक, कोषाध्यक्ष जगु महली,संजय भोगता,मानेश्वर मुंडा, योगेंद्र महतो,सम्भु बड़ाईक, कपिल बड़ाईक,हरिहर बड़ाईक,रान्तु भोकता, पसुवा लोहरा,बिनोद पाहन,बुधराम बेदिया,फागु बेदिया आदि लोग मिलकर मेला की शुरुआत किये ।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फादर्स डे आयोजित



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के प्रांगण में 'फादर्स डे' आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने पिता के निःस्वार्थ प्रेम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने पिता को हस्तनिर्मित कार्ड भेंट करके पितृ-संतान के अनमोल बंधन को प्रगाढ़ बनाया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा एक वर्चुअल सभा आयोजित की गई जिसमें सभी छात्रों ने अपनी सहभागिता दर्शाई। बच्चों ने अपने पिता संग 'टग ऑफ वॉर' खेल में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही अभिभावकों ने आज के दिन के महत्व को अपने बच्चों से साझा किया। स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए अभिभावकों के लिए एक योग सत्र भी आयोजित की गई। अभिभावकों ने प्रधानाचार्या के संग पौधारोपण अभियान में भी भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने अभिभावकों का स्वागत किया और छात्रों को यह याद दिलाया कि उन्हें, माता-पिता के निस्वार्थ प्रेम, समर्थन और बलिदान के लिए हमेशा आभारी रहना चाहिए। उन्होंने उन सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया जिन्होंने इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने में अपनी भागीदारी निभाई।

## झारखंड रैयत विस्थापित मोर्चा टाटीसिल्वे की बैठक संपन्न



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज झारखण्ड रैयत विस्थापित मोर्चा टाटीसिलवे का बैठक चतरा मैदान में सोहन मुण्डा पुर्व मुखिया चतरा कि अध्यक्षता में किया गया बैठक में सर्वसम्मति से बन्द पड़े ई ई एफ फैक्ट्री को शुरू करनें अन्यथा फैक्ट्री लिए अधिग्रहित खाली जमीन वापसी के लिए चरणबद्ध तरीके सें आन्दोलन तेज करनें का निर्णय लिया गया । ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने कहा कि किसानों रैयतों का माँग न्याय संगत हैं विस्थापितों के माँगो को सरकार तक पहुँचाने में हर संभव सहयोग करेंगे । बैठक में मुख्य रूप से अर्जुन पहान ग्राम प्रधान टाटी सह ग्राम प्रधान संघ प्रखण्ड अध्यक्ष नामकोम , उप मुखिया चतरा रमेश मुण्डा ,वार्ड सदस्य संजय महली ,रोहित महतो ,सुकुल महतो, अमित मिश्रा, अजय महतो ,संतोष महतो ,सावना महतो, मनोज महतो, रमेश महतो,बासुदेव महतो,सुनील महतो,मोहरो महतो,हेमन्त कुमार महतो,सोहन महतो ,देवनाथ महतो ,नन्दलाल महतो, एवं अन्य विस्थापित ग्रामीण उपस्थित हुए। आन्दोलन को तेज करने के लिए अगला बैठक दिनांक 23/06/2024 को सुबह 08ः00 चतरा मैदान में निर्धारित किया गया हैं ।

## तीन छात्रों ने एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा में शीर्ष रैंक हासिल की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुगली के तीन छात्रों ने 2023-24 के लिए एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। सारदा विद्यापीठ के दूसरी कक्षा के छात्र सौरा शिश रॉय ने अंतर्राष्टीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा अंतर्राष्टीय स्वर्ण पदक और योग्यता प्रमाण पत्र अर्जित किया। बांसबेरिया हैप्पी वैली स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र आद्रिक घोष ने भी अंतर्राष्टीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा अंतर्राष्टीय स्वर्ण पदक और योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। बांसबेरिया हैप्पी वैली स्कूल की पहली कक्षा की छात्रा आरवी पाल ने भी अंतर्राष्टीय अंग्रेजी ओलंपियाड में दूसरा स्थान प्राप्त किया, तथा अंतर्राष्टीय रजत पदक और योग्यता प्रमाण पत्र अर्जित किया।एसओएफ ओलंपियाड में 70 देशों के लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें डॉन बॉस्को स्कूल और विजन इंटरनेशनल स्कूल सहित 28,594 से अधिक हुगली के छात्र शामिल थे।

## पिपरवार के कल्याणपूर भगत टोला मे पानी के लिए मचा हाहाकार

# एकमात्र कुआं सूखा, दो वर्षों से खराब है चापाकल, खेती हो रहा प्रभावित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र कल्याणपूर पंचायत के भगत टोला मे भीषण भरी गर्मी मे पेयजल संकट गहरा गया है,जिसके कारण ग्रामीणो को काफी परेशानी हो रही है।प्रचंड गर्मी मे भगत टोला मे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।गांव के लोग पानी की जुगाड़ मे इधर उधर भटकने को मजबूर है।मिली जानकारी के अनुसार चतरा जिला के टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के टाना भगत टोला में करीब 50 से 60 अबादी वाला टोला है।लेकिन पानी के लिए कोई साधन उपलब्ध नही है।गांव में एक चापानल है लेकिन वह भी पिछले दो वर्षो से खराब पड़ा हुआ है।वही गांव की पुरी आबादी एकमात्र कुंआ पर निर्भर है, लेकिन भीषण भरी गर्मी मे कुंआ भी पुरी तरह से सूख चुका है।जिसके कारण ग्रामीणो को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

इस संबंध मे गांव की शीमन टाना भगत,सीता टाना भगत, बीनिता टाना भगत और राजेन्द्र टाना भगत ने बताया कि कल्याणपुर गांव के टाना भगत टोला में एक कुआं है, जो इस भीषण गर्मी में सुख चुका,वही एक चापानल है, लेकिन वह भी दो साल से खराब है।गांव का पूरा आबादी खेती पर निर्भर है, लेकिन पानी की समस्या उत्पन्न होने के कारण खेती-बारी पूरी तरह से प्रभावित है।इंसान तो इंसान जानवर भी पानी के लिए भटकने को मजबूर है।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार स्थानीय जन प्रतिनिधियों को पानी की समस्या से अवगत कराया गया,लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि का ध्यान इस और नहीं है। जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दलों के लोग सिर्फ चुनाव के समय यहां आते हैं और कई तरह के वादे कर चले जाते हैं।उनका वादा भी झूठा साबित होता है। जिसके कारण स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के के प्रति गांव के ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि जल्द पानी की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो आने वाले विधानसभा चुनाव का भी बहिष्कार किया जाएगा।वही ग्रामीणों ने टंडवा प्रखण्ड के बीडीओ एवं सीओ के अलावे स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन से गांव में पानी की समस्या दूर करने की गुहार लगाई है।फिलहाल भीषण भरी गर्मी में ग्रामीण इधर-उधर से पानी की जुगाड़ कर जीविका चला रहे हैं।

## बकरीद को लेकर बहेरा पंचायत भवन मे हुई शांति समिति की बैठक

# आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : प्रशांत मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत भवन में रविवार को ईद उल अजहा बकरीद पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने किया।बैठक में ईद उल अजहा बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारगी एंव शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे समिति के सदस्यो ने कई सुक्षाव दिए।बैठक में ईद उल अजहा की नमाज और कुर्बानी की रस्म अदायगी की जानकारी ली गई।सोशल मीडिया पर किसी तरह का अफवाह पोस्ट नही करने की बात कही गई।बैठक को संबोधित करते हुए पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि त्योहार के दौरान पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।

आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।बकरीद की नमाज के दौरान सभी ईदगाह और मस्जिदों के बाहर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।वहीं पुलिस के द्वारा सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है।किसी भी तरह के धार्मिक उन्माद फैलाने जैसी पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से आपसी भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने की अपील की।साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।इस बैठक मे थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा,बहेरा मुखिया रेखा देवी,कासिम उर्फ मुन्ना,हाजी कमालुद्दीन,हाजी परवेज, बिजय लाल,बासुदेव साव, मुखिया पति रमेश मुण्डा, इदरीस अंसारी,मोहम्मद असलम,सलीम जावेद,नईम अंसारी,मोहम्मद जुल्फान, अब्दुल जब्बार,मोहम्मद खुर्शीद,मंसूर आलम शाहिद काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ईद उल अजहा बकरीद आज, सारी तैयारी पुरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में ईद उल अजहा बकरीद का त्यौहार आज मनाया जाएगा। त्यौहार को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।मस्जिदों और ईदगाह में साफ-सफाई और सजावट का काम पूरा कर लिया गया है।क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद में सुबह 7ः00 बजे,राय जामा मस्जिद में सुबह 7ः00 बजे,नूरी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 7ः00 बजे,बड़ी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 6ः30 बजे,न्यूमंगरदाहा मस्जिद में सुबह 6ः30 बजे,बहेरा ईदगाह में सुबह 7ः00 बजे, पुरानीराय मस्जिद में 7ः00 बजे बकरीद की नमाज अदा की जाएगी।बकरीद को लेकर थाना क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम रखने हेतु पिपरवार पुलिस पुरी तरह से अलर्ट है।थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि त्यौहार को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने बकरीद पर क्षेत्र के सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा क्षेत्र में गड़बड़ी फैलाने की नियत से कोई विधि विरुद्ध कार्य किया जाएगा तो पुलिस द्वारा इस प्रकार के तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।त्योहार के दौरान पुलिस द्वारा क्षेत्र की सघन निगरानी के साथ सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस अवसर पर शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी को भी अगर कोई असामाजिक गतिविधियों एवं तत्वों के बारे में पता चले तो स्थानीय पुलिस को सुचित करें।पिपरवार क्षेत्र के बचरा, बहेरा, कल्याणपूर, न्युमंगरदाहा के मस्जिदों में नमाज के दौरान पुलिस बल के जवानों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है।

## बिजली संकट को लेकर सुदेश महतो ने अधिकारियों संग की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्याओं को लेकर रविवार को कांके रोड रांची स्थित अपने आवास पर बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के जीएम प्रभात कुमार श्रीवास्तव कार्यपालक अभियंता समेत के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान बिजली संबंधित कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली की लचर व्यवस्था को सुधारने के लिए कई दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिल्ली की जनता बिजली की व्यवस्था दुरुस्त हो जो भी

कमियां हो उसे शीघ्र ठीक किया जाए जिससे सिल्ली की जनता को निर्बोध बिजली मिल सके। अधिकारियों ने कहा कि पूरे राज्य में बिजली की व्यवस्था चरमारा से गई है। विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि लोड सेटिंग कम करें एवं सिल्ली में बिजली आपूर्ति बहाल करें। साथ ही किसानों की सिंचाई योजनाओं का लाभ मिले एवं सर्वे किए गए गांव में किसानों के लिए बिजली आपूर्ति शीघ्र बहाल करें,कृषि विद्युत योजनाओं का लाभ किसानों को जल्द से जल्द मिले इसके लिए सर्वे किया गया गांव को किसानों के लिए बिजली पोल एवं तार का व्यवस्था कर विद्युत आपूर्ति किया जाए। सिल्ली विधानसभा में जिन गांवों में किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति की जाएगी उनमें से झाबरी, बारेडीह,चोकेसरेंग, बासुडीह, रानाडीह, बी, नवाडीह, दुलमी, तेतला, बिर्दीडीह, सोमाडीह, मरांगडीह , जितुडीह , गाड़ाडीह, मुकरूडीह आदि गांव में किया जाएगा । विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सिल्ली आस पास में बिजली आपूर्ति में किसी भी तरह के त्रुटियों को समाप्त करे।जिससे सिल्ली के जनता को बिजली जैसे समस्याओं से जूझना ना पड़े।

## पिपरवार मे हाईवा ऑनर,मुशी और कम्पनी के बीच वार्ता हुई सफल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई का काम कम रेट पर लाने के खिलाफ हाईवा ऑनर,मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टर का आंदोलन रविवार को कंपनी के साथ हुई वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार धरना स्थल पर जय अम्बे रोड लाईस प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी और हाईवा ऑनर,मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टर के बीच समझौता वार्ता हुई।इस वार्ता में कंपनी के द्वारा सीएचपी से बचरा साइडिंग तक कोयला ढुलाई का काम दस चक्का हाईवा से कराने और



प्रति ट्रीप 1150 रूपये भाड़ा भुगतान करने का लिखित आश्वासन दिया,वही बचरा साईडिंग मे कार्यरत मुंशी को पूर्व की तरह काम एवं वेतन देने का आश्वासन दिया।कंपनी के द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद पिछले 11 दिनों से चल रहे धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है।वहीं कागजी प्रक्रिया पूरी होने के साथ आज से सीएचपी से बचरा साइडिंग तक कोयला ढुलाई का काम शुरू किया जाएगा।मौके पर राजेश सिंह,सुभाष साव,राजेन्द्र साव, जगदीश महतो,गणेश महतो, दीपक साव,उमेश यादव, अशोक साव,छोटु खान,रविंद्र महतो, कोलेश्वर महतो,छोटू सिंह, नागेश्वर साव,दशरथ महतो,मुन्ना खान,नसीम खान,नवल किशोर चौधरी,अनिल पांडेय, अमित गुप्ता,लक्ष्मण मंडल, फूलदेव यादव,बालगोविंद महतो सहित अन्य लोग मौजुद थे।

## बुढ़मू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** मुस्लिम समाज में होने वाले बकरीद पर्व को लेकर बुढ़मू थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार का अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया । बकरीद का त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरिके से मनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मस्जिद कमेटी के लोगों ने पानी और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं एसआई संतोष कुमार ने त्योहार को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की तथा लीक से हटकर प्रत्येक लोगों को बकरीद के दिन एक-एक पौधा लगाने की और पर्यावरण को बचाने की अपील की। साथ ही एएसआई आशीष रंजन ने अपील करते हुए लोगों से सावधानियां बरतने और बाहरी लोगों को आश्रय ना देने की अपील की तथा कहा सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक एवं उत्तेजक बातों पर ध्यान ना दें और ना ही इसका प्रचार प्रसार करें । थाना प्रभारी रामजी कुमार ने कहा की पहली निगाहें सोशल मीडिया अकाउंट पर लगी हुई है। मिथ्या उत्तेजक बातों पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी। आम जनता भी ऐसी सूचनाओं को प्रशासन के साथ साझा करें तो समाज में शांति व्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी और बकरीद में जो भी बाली दिया जाता है उसका जो भी अवशेष बच जाता है उसको इधर उधर न फेंके उसे गाढ़ा में डाल दें ताकि पर्यावरण दूषित न हों। इस शांति समिति की बैठक में उपप्रमुख हरदेव साहु सजाद अंसारी पत्रकार कालीचरण साहु संजय साहु भोला साहु, सरफराज अंसारी, इदरीश अंसारी , सुभम सिन्हा,गफार आलम इदु खान, सहित सभी ग्रामीण और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।


## शपथ पत्र

मैं संगीता देवी पति बाबूलाल महतो उम्र लगभग 51 वर्ष ग्राम पोखरिया, पोस्ट बलगो, थाना बिरनी, जिला गिरिडीह झारखंड की स्थाई निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम संगीता देवी पति बाबूलाल महतो एवं मेरे पुत्र अजीत कुमार वर्मा के भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी के नॉमिनी में मेरा नाम सहवा देवी पति बाबूलाल महतो दर्ज है। मैं अपने गांव में संगीता देवी पति बाबूलाल महतो एवं सहवा देवी पति बाबूलाल महतो दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। अर्थात संगीता देवी पति बाबूलाल महतो एवं सहवा देवी पति बाबूलाल महतो दोनों एक हीं महिला का नाम है जो मैं हीं हूं। मैं अपने इन दोनों नामों के लिए यह शपथ पत्र दे रही हूं।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के मंडल कारा लातेहार में दिन रविवार को झालसा, रॉंची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार मनोज कुमार सिंह के आदेशानुसार जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि शिवम चौरसिया सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार, प्रणव कुमार, एसडीजेएम लातेहार ने कैदियों को जागरूकता कैम्प में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी, प्ली बारगेनिंग, वन अधिनियम से संबंधित वाद, सुलहनीय वादों की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव, शिवम चौरसिया ने कैदियों से उनकी समस्याऐं सुनी और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कैदियों को हर संभव सहायता देने के लिए डालसा प्रतिबध है साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत, मासिक लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से वाद को सुलह के आधार पर समाप्त करने की जानकारी दी गयाी।साथ ही साथ वैसे बंदी जो अधिवक्ता रखने में असमर्थ है। उनको सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराये जाने की जानकारी दी। प्रणव कुमार, एसडीजेएम लातेहार ने लातेहार कारा के बंदियों को रिमांड के समय तथा काराधीन होने के पश्चात मिलने वाले उनके अधिकारों के बारे में बताया साथ ही जेल से निकलने के बाद कैदियों को समाज के मुख्य धारा से जुड़ने का आह्वान किया। एल0ए0डी0सी0 के अधिवक्ताओं द्वारा कैदियों को उनके वाद संबंधित अद्यतन जानकारियां दी गयी।इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन धमेंद्र कुमार, मंडल कारा, लातेहार के द्वारा किया गया।मौके पर मंडल कारा, लातेहार के प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा, मंडल कारा, लातेहार के कर्मचारीगण, एल0ए0डी0सी0 के अधिवक्तागण एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# एनटीपीसी से टंडवा में बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर आर पार की होगी लड़ाई : मुखिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** औद्योगिक नगरी टंडवा कहे जाने वाले एनटीपीसी से विस्थापित छह गांव के रैयतों को दीपक तले अंधेरा साबित हो रहा है। इस मामले को लेकर टंडवा पंचायत मुखिया पति सह समाजसेवी सुभाष दास के नेतृत्व में छः गांव के विस्थापित पंचायत प्रतिनिधि एवं सभी वि डी ए सी सदस्यों का एक बैठक रविवार को नगर भवन टंडवा में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता टंडवा मध्य क्षेत्र के जिप सदस्य सुभाष यादव एवं संचालन सुभाष दास ने किया। इस बैठक में सभी वक्ताओं ने बिजली एवं पानी को लेकर अपनी अपनी बातो को गहराई से रखा। साथ ही एनटीपीसी से बिजली नहीं मिलने पर एनटीपीसी के विरुध आंदोलन करने की भी चेतावनी दिया गया। आगे उन्होंने बताया कि अगली बैठक 25 जून को किया जाएगा जिसमें कमेटी का विस्तार कर एनटीपीसी के विरोध में आंदोलन कर बिजली की मांग किया जाएगा और इस बार आर पार की लड़ाई होगी। इस मौके पर टंडवा मुखिया सुनीता देवी, गाड़ीलौंग मुखिया शबिदा खातून, राहम मुखिया बिस्वजीत उरांव, समाज सेवी सुभान अंसारी, मोइन अंसारी, मनीर आलम, कृष्णा साहू, मिथिलेश कुमार, अजय पासवान, विपिन यादव, मंजूर आलम, धीरेंद्र भगत समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजपुर थाना क्षेत्र के बेंगोकला पंचायत के गड़िया गांव निवासी दुष्कर्म के आरोपी बलजींत यादव को शनिवार की देर रात्रि उसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि गांव की ही एक दलित महिला ने उक्त ब्यक्ति पर दुष्कर्म का मामला को दर्ज करने के लिए 22 मई को आवेदन दी थी।लेकिन जब 25 दिनों तक मामला दर्ज महिला थाने ने नहीं कि तो पीडिता ने आरक्षी अधीक्षक से गुहार लगाई थी आरक्षी अधीक्षक के पहल पर मामला तो दर्ज कर लिया गया और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए आरक्षी अधीक्षक ने एक टीम का गठन एस डी पी ओ सन्दीप सुमन के नेतृत्व में कर दिए।जिसके बाद एस डी पी ओ सन्दीप सुमन के नेतृत्व में शनिवार की रात्रि ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और रविवार को चतरा मंडल कारा भेज दिया गया।

## बीते रात अज्ञात चोरों ने दो घरों से किया लाखों की चोरी भूक्तभोगियों ने थाना में दिया आवेदन

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना पंचायत गांव के अंतर्गत केवाल पर टोला से अज्ञात चोरों ने शनिवार की देर रात दो घरों से लाखों रुपए एवं लाखों रुपए की जेवरात की चोरी कर फरार हो गए है।चोरी की घटना अज्ञात चोरों ने दोनों घरों से किया है। बता दे की लाखों की जेवरात के साथ-साथ लाखों रुपए नगदी की चोरी कर चोर फरार हो गए।चोरों ने केवाल पर टोला निवासी स्व जीतन दांगी के पुत्र चरित्र दांगी के घर से 30 हजार रुपए नगर और लॉकेट,पायल समेत 50 हजार की जेवरात की चोरी चोर ने किया है। जबकि दूसरा व्यक्ति धनेश्वर दांगी का पुत्र किशोर दांगी के घर से एक लाख रुपया नकद व दो जोड़ा पायल, लॉकेट, सोने का लॉकेट, लगभग डेढ़ लाख की जेवरात की चोरी कर चोर फरार हो गया है। वहीं चोरों ने तीसरी घर बाली दांगी के घर में भी चोरी करने का प्रयास किया। परंतु असफल रहे। जिसे लेकर भुक्त भोगी ने थाना में आवेदन दिया है।आवेदन के आलोक में पुलिस गांव में पहुंच मामले की तहकीकात करने में जुट गई है।

## सर्पदंश से सीसीएल कर्मी हुआ अचेत, रिम्स रेफर

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में ड्यूटी के दौरान सर्पदंश से एक सीसीएल कर्मी अचेत हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विनोद गंझु 30 वर्ष पिता किशुन गंझु ग्राम अमरवाडीह थाना बारियातु निवासी तेतरियाखांड कोलियरी में खदान का स्ट्रीट लाइट ठीक कर रहा था ।जहां पैर के नीचे एक सांप आ जाने के कारण सांप ने उसे काट लिया जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य सहकर्मियों द्वारा युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# पुराने चापानल में जलनल के तहत मोटर डालने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के पुंडरा गांव में जलनल योजना के तहत पानी आपूर्ति के ठिकेदार को पुराने चापानल में हीं मोटर डालने का विरोध ग्रामीणों का झेलना पड़ा। यह चापानल राणा टोला और साव टोला के मध्य में स्थित है। ग्रामीणों ने एक जुट होकर जम कर ठिकेदार का विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह चापानल करीब 40 वर्ष पुराना और विधायक मद योजना का है। इस चापानल से करीब 50 घर की आबादी अपनी प्यास बुझाते है। जबकि उक्त चापानल में दलदली भी है। कई बार ज्यादा पानी निकालने से गंदा पानी आने लगता है। जिसे लेकर ग्रामीणों का कहना है कि उक्त चापानल में यदि मोटर डाला जाएगा तो दलदली होने के कारण बोरिंग धंस सकता है और गंदा पानी निकलने लगेगा। जिससे हम लोगों का पानी पीना भी मुहाल हो जाएगा।ठिकेदार पुराने चापानल में हीं मोटर डाल थोड़ा बहुत पानी टंकी में चढ़ा कर योजना पूर्ण दिखा कर फरार हो जाएगा। अंत में हम ग्रामीण पानी पानी के वगैर मुह्ताज हो जाएंगे। वैसे में चाहे जो भी हो इस चापानल में हम ग्रामीणों किसी भी हाल में मोटर नहीं डालने देंगे। यदि ठिकेदार को पानी घर घर पहुंचाना है तो नया बोरिंग कर घर घर में पानी का कनेक्शन पहुंचावे। ग्रामीणों ने बताया कि इसका विरोध करने पर ठिकेदार द्वारा हम ग्रामीणों पर हीं मुकदमा करने का धमकी देता है। हम ग्रामीण उसका धमकी से डरने वाले नहीं हैं।

# जिला परिषद और अंचल प्रशासन के अल्टीमेटल के बाद दुकानदारों में हड़कंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया चौक पर अतिक्रमण हटाने को लेकर जिला परिषद और अंचल प्रशासन के द्वारा दुकानदारों को 16 जून तक अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया था। यह अल्टीमेटम रविवार को पूर्ण हो रहा था। अवधि पूरा होने के बाद और अल्टीमेटल का अनुपालन करते हुए दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपने अपने दुकान के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया है। इस दौरान दुकानदार दुकान के बाहर लगे करकेट सीट, बोर्ड, पोल, बैनर आदि हटाने में लगे है। मालूम हो कि जिला परिषद और अंचल प्रशासन ने चौक के दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस दिया है। अन्यथा कड़ी करवाई की चेतावनी भी दी है। जिला परिषद और अंचल प्रशासन का डंडा चले इसके पहले ही दुकानदारों ने अपनी समझदारी दिखाते हुए अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिये है। धीरे धीरे चौक अतिक्रमण मुक्त होने लगा है। अतिक्रमण हटने से चौक का शोभा में चार चांद लग गया है। सड़क काफी चौड़ाई दिख रही है। वहीं आवागमन में कोई परेशानी नहीं दिख रही है। दूसरी ओर अतिक्रमण हटाते दुकानदारों का कहना है कि हम गरीब लोग जिला परिषद और अंचल प्रशासन का नोटिस को अनुपालन करते हुए अतिक्रमण को हटा दिए है। किंतु कुछ लोग अभी भी अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा हैं। वैसे में प्रशासन द्वारा दो तरफा कारवाई से लोग क्षुब्ध है।

## बकरीद पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बरियातू पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र मे बकरीब पर्व को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी राजा दिलावार के नेतृत्व मे बारियातू के विभिन्न स्थानों मे फ्लैग मार्च निकाला। 17 जून को बकरीद पर्व है जिसे शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने के लिए लोगों को अपील किया. साथ ही लोगों से बकरीद पर्व मे नमाज व कुर्बानी मे किसी तरह का शांति भंग न हो जिसको लेकर पुलिस सशक्त है. पुरे क्षेत्र मे शांति माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस ने इटके, फूलसु, बरछीया बठेठ सहित अन्य स्थानों मे पेट्रोलिंग के साथ फ्लैग मार्च भी निकाला. आपको बताते चले की 17 जून को बकरीद पर्व है। 6 से 7 बाजे तक नमाज अदा करते हैं. और कुर्बानी होता है. बारियातू मे हर धर्म का त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से मनाया जाता है. बारियातू प्रखंड मे भाईचारगी का मिशाल पेश किया जाता है यहाँ किसी तरह कभी भी वाद बिवाद नहीं हुआ है. मिशाल को बनाए रखने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है. सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस पैनी नजर रखे हुई है. फ्लैग मार्च मे थाना परिवार निर्मल मंडल, जीतेन्द्र कुमार, बालेश्वर गंझु, मिथलेश सिंह, राजकिशोर प्रसाद, संतोष पाठक, द्वारिकानाथ पाण्डेय, रितेश तिग्गा सहित थाना के कई सशस्त्र जवान मौजूद थे।

# गायत्री परिवार ने गंगा दशहरा मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के चंदनडीह स्थित प्रज्ञा कुंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा गायत्री माता की जयंती और गंगा दशहरा मनाया एवं इस अवसर पर हवन व पूजन किया गया।मौके पर लव कुमार तिवारी ने कहा कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गायत्री जयंती का पर्व मन्नाया जाता है।गायत्री माता सर्वज्ञ शक्तियों की स्रोत है।सभी जीवों के लिए कल्याणकारी और ब्रह्मांड की जन्म दाता है।आज ही के दिन सृष्टि का संचलन हुआ था ब्रह्म ऋषि विश्वामित्र के द्वारा गायत्री साधक त्रिशंकु को सशरीर स्वर्ग भेजा गया था सूर्य पूजा भी गायत्री पूजा है। गायत्री माता का पुत्र सूर्य है। मौके पर परिवर्जक कौशल शर्मा, दिलेश्वर यादव, देवेंद्र प्रसाद, उर्मिला प्रसाद, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, सुशीला साहू, वीरेंद्र प्रसाद, अनीता देवी, कांति देवी व पुष्पा देवी सहित गायत्री परिवार के कई साधक मौजूद थे।कार्यक्रम के बाद पंकज पांडेय के द्वारा महाप्रसाद खीर का वितरण किया गया। जबकी व्यवस्थापक के रूप में संतोष प्रसाद मौजूद थे।

# लातेहार से दो बच्चों का हुआ चयन 9 एक्स एम के फाइनल राउंड में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय दुर्गा मंदिर के बगल में देव डांस स्टूडीयो लातेहार से चार बच्चों को ओडिशन द्वारा ÷ हुनर का मंच÷ शो में चयन हुआ जो कि 9 एक्स एम में प्रशारित किया जाएगा। जो बच्चे हुनर का मंच में पहुंचे उनका नाम नांव्या राजपुत नन्दिनी कुमारी, श्रृष्टि कुमारी एवं राज लोहरा है। उन्हें मेगा ऑडिशन के लिए उत्तराखण्ड के रूड़की सिटी में 9 जून 2024 को बुलाया गया था।हुनर का मंच मेगा ऑडिशन के सलेक्शन फाइनल दो बच्चों का राउण्ड के लिए दो बच्चे का सलेक्शन हुआ उनका नाम नांव्या राजपूत एवं नदिनी कुमारी है। अब इन दोनों बच्चों को फाइनल राउंड के लिए बुलाया जाएगा। लातेहार में पहली बार बच्चों को डांस के क्षेत्र में हुनर दिखाने का मौका, मिल रहा है। दोनों के माता-पिता से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि हमने कभी सपना में भी नहीं सोचा था कि मेरे बच्चे को टीवी शो के लिए चयन किया जाएगा।जब देव डांस स्टुडियो के कोरियोग्राफर देव मिश्रा से बातचीत किया गया तो उन्होंने कहा कि लातेहार के बच्चों में हुनर है बहुत है। पर उसे निखारने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तो शुरुआत है। क्योंकि देव डांस स्टुडियो को लातेहार में खुले हुए महज चारे महिनें ही हुआ है। अभी तो 9 एक्स एम, Calor's और स्थ्ठ4 ञ्क्ष्क के लिए भी ऑडिशन होगा।आने वाले समय में लातेहार के बहुत ही बच्चे ऑडिशन के द्वारा मेगा ऑडिशन में पहुंचेंगे।देव मिश्रा ने यह भी कहा कि माता -पिता अपने बच्ची का हुनर निखारने में भरपूर सहयोग कर रहे हैं चाहे वह कोई भी क्षेत्र में है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो भी माता-पिता अपने बच्चों को डांस के क्षेत्र में कैरियर बनान चाहते हैं। व देव डाँस स्टुडियो लातेहार में संपर्क कर सकते हैं। क्योंकि एडमिशन अभी चल रहा है।गरीब बच्चों के लिए एडमिशन में छुट मिलेगा। देव डांस स्टुडियो को सफल बनाने के लिए कोरियोग्राफर देव मिश्रा के साथ मैनेजर रूपा शौण्डिक का अहम भूमिका है देव डांस स्टूडियो लातेहार के दुर्गा मंदिर से बाईपास जाने की ओर और अमन मेडिको के प्रथम तल्ला अवस्थित है।

## मधुर मेडिकेयर हास्पिटल पतरा टोली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा के उपनगरीय क्षेत्र पतराटोली स्थित मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दूर दराज से आए 110 मरीजों ने निश्शुल्क इलाज का लाभ लिया। शिविर में हड्डी जोड़ और नस रोग विशेषज्ञ डा विवेक मधुर, जेनरल सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ डा नेहा ज्योति और डा चंदन कुमार ने इलाज किया। शिविर में ब्लड शुगर,यूरिक एसिड और हड्डी में केलिसियम की जांच बीएमडी मशीन के द्वारा की गई। सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाएं दी गई। डा विवेक मधुर ने हड्डी, जोड़ और नस रोगों से संबंधित मरीजों का इलाज किया। इन्होंने मरीजों को आर्थो की देखभाल के लिए जरूरी उपाय बताए। डा नेहा ज्योति मधुर ने बवासीर, फिशर, हर्निया, हाइड्रोसिल, पित और किडनी की पथरी, स्तन की गांठ और घाव,पेट की बीमारी और गर्भवती महिलाओं का इलाज किया। डा चंदन कुमार ने भी सामान्य बीमारियों का इलाज किया। हास्पिटल के निदेशक अजय मधुर ने बताया कि मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में स्वास्थ्य को लेकर निशुल्क जांच शिविर का आयोजन आगे भी जारी रहेगा। इन्होंने कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य को लेकर जागृत कराना हॉस्पिटल का उद्देश्य है। शिविर को सफल बनाने में शैलेंद्र सुमन, सावित्री मधुर, सुरेंद्र ठाकुर, सुशीला कुजूर, उषावती, रोनिता तिर्की, मो कैफ,गुलनाज, बिंदु, नीलम तिर्की, अंबिका कुमारी, देवंती बेक, अचरज, सूरज यादव, गुलाब नायक, अंगद सिंह, सुदीन कुमार, ममता, अमन कुमार,नरगिस खातून आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ग्रामीणों ने बैठक कर पिंडारकोम कोल प्रोजेक्ट खोलने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखण्ड क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम में सीसीएल द्वारा पास पिंडारकोम कोल प्रोजेक्ट को जल्द खोलने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता काली यादव व संचालन राजेश राम ने किया। सभा में संबोधित करते हुए काली यादव ने कहा कि हम लोग आपसी सहमति बनाकर सीसीएल को जमीन देंगे आपसी समन्वय बनाने की आवश्यकता है। हर कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है। वही मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि सीसीएल के द्वारा 1962 ई0 में जमीन पर सेक्शन 9 लगा दिया गया ।और अभी तक कोलियरी नहीं खुला यह दुर्भाग्यपूर्ण है ।सीसीएल को विस्तार करने में हम सभी ग्रामीण सहयोग करेंगे ।मौके पर ग्रामीणों के द्वारा नारा लगाया की सीसीएल से बैर नहीं और प्राइवेट सेक्टर को खैर नहीं का कई नारा दिया। बैठक में रामेश्वर यादव, संजय यादव, सुरेश यादव, मोहम्मद अयूब आलम, मोइन आलम, मो.मुस्तफा, बालकिशन यादव, रोशन यादव, राम प्रवेश राम, तिवारी यादव, विकास यादव, राजेंद्र यादव, मो.वारिस, उपन यादव, किशन यादव, प्रकाश यादव, राजेंद्र यादव, चरकू यादव, झमेद्र यादव, दशरथ राम, संतोष यादव, गंगेश्वर यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जिप उपाध्यक्ष ने विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों के समस्याओं को जाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने रविवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के धाधु, खरटिया, भैंसदोन गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को जाना द्यजहां ग्रामीणों द्वारा यह बताया गया कि अबुआ आवास में बिचौलियों एवं सरकारी कर्मियों द्वारा एक-एक आवास में 15 से 20 हजार तक की मांग की जा रही है द्यजिसके बाद जिप उपाध्यक्ष ने बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव से दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की बात कही ।जिसपर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा आवास में पैसा लेने का शिकायत आता है तो इसकी लिखित सूचना उन्हें दें कार्रवाई होगी द्य इसके अलावा ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत बन रहे जलमीनार की शिकायत किया ग्रामीणों ने बताया कि पूरे पंचायत में बनाए गए अधिकांश जलमीनार खराब पड़े हैं द्य कई जलमीनार सिर्फ शोभा की वस्तु बन कर रह गए हैं द्यजिस पर जिप उपाध्यक्ष के द्वारा कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार से बात की और अपना प्रतिनिधि भेजकर जांच करने का बात कहा द्यवही क्षेत्र में कई ऐसे सड़क हैं जिन्हें आज तक कभी बनाया ही नहीं गया है जिसपर उन्होंने ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि हर संभव आपकी समस्या समाधान हेतु प्रयास किया जाएगा।

# महायज्ञ के अंतिम दिन भंडारे के साथ भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## बाहर से आए कलाकारों ने भक्ति गानों पर श्रद्धालुओं को रात भर झुमाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव में श्री श्री 1008 श्रीमद् शिव हनुमत लला वार्षिक महोत्सव के अंतिम दिन भंडारे के साथ भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी तापेश्वर साहू ने किया। मौके पर अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू भी मौजूद थे। समिति की और से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाकर व तलवार भेट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम श्री महावीर भजन जागरण ग्रुप रसोइया धमना के द्वारा किया गया। जिसके संचालक गायक राजदेव बाबा व बाहर से आए कलाकारों ने रात भर श्रद्धालुओ को भक्ति गानों पर झूमने को मजबूर कर दिए। बीच बीच में शानदार झांकी भी प्रस्तुत की गई। वहीं किसने सजाया तुमको मैया बड़ी प्यारी लगे बड़ा सोना लगे मन उदास हो तो एक काम किया करो, बजरंग बली का हर पल नाम लिया करो आदि गानों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ट समाजसेवी रामनारायण साहू, बासुदेव साहू, ग्राम अध्यक्ष राजदेव गुप्ता, पूजा समिति की अध्यक्ष विकास साहू, रामप्रसाद साहू, भिखारी साहू, अर्जुन साहू, कैलाश साहू, रामावतार साहू, विशेश्वर साहू, बुधन साहू, रामखेलावन साहू, सुखदेव साहू, शिक्षक बीरेंद्र साहू, बिरजू साहू, मिथलेश साहू, बीरबल साहू, इंद्रदेव साहू, श्यामदेव साहू, पुरनदेव साहू, सत्येंद्र कुमार, महेंद्र साहू, सुखदेव साहू, रोहित साहू, डेगलाल साहू, उपेंद्र साहू, चौरंगी कुमार, विजय साहू, सिकंदर कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, पवन कुमार, शशि कुमार, नौरंगी कुमार, मुकेश कुमार,शंभू कुमार, कृष्ण कुमार, सोनू कुमार, मंटू कुमार समेत समस्त ग्रामीण लगे हुवे है।

# वसुधा कल्याण संस्था संग भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने की तालाब की सफाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने रविवार को शहर के हुरहुरु स्थित लांबा तालाब में वसुधा कल्याण संस्था के साथ मिलकर सफाई की।मौके पर उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पानी हम सब के जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों में से एक है, लेकिन लापरवाही के कारण, जल प्रदूषण बढ़ रहा है और अंततः पानी की कमी की समस्या बढती जा रहीं है। इसलिए प्रदूषण फैलाने या बर्बाद करने से पहले हमे अपनी भावी पीढ़ी के बारे में सकारात्मक पहल करनी होगी। श्री प्रसाद ने कहा कि जन सहयोग से एक लाख पौधारोपण शहर में किया जा रहा है। कहा कि आप सभी के सहयोग से स्वच्छ एवं सुंदर हजारीबाग बनाएंगे। वहीं वसुधा कल्याण संस्था की अंजलि नीरज ने कहा तालाबों का संरक्षण सरकार और हम सब लिए चिंता का विषय है। इस दिशा में अगर त्वरित सार्थक पहल की जाए तो स्थिति बेहतर हो सकती है,अन्यथा अगले कुछ वर्षों में हम सब के लिए यह एक चुनौती होगी।इस अवसर पर वसुधा कल्याण संस्था की ओर से अंजली नीरज ,रुचि नीरज ,कुंदन कुमार ,राहुल पंडित , अधिवक्ता प्रकाश झा, धनंजय सिहं, राहूल मंडल, मनोज कुमार, अविनाश यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।



# विष्णुगढ़, मडमो पंचायत में साप्ताहिक शनिवार बाजार का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मडमो पंचायत के मडमो गाँव में दुर्गामंडप के समीप पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों के अथक प्रयास से साप्ताहिक बाजार 14 जून 2024 शुभारंभ किया गया द्य मडमों मुखिया तथा पंसस बहराम हांसदा ने पूरे विधिविधान से फीता काटकर बाजार का शुभारंभ संयुक्त रूप से किया। ढ़ोल नगाड़ो के साथ बाजार शुभारंभ के कार्यक्रम को एक उत्सव की भाँति मनाया गया। इस विशेष मौके पर मुखिया कुंती कुमारी ने कहा हमारे गाँव मे बाजार नहीं होने के कारण यहाँ के ग्रामीणों को सब्जी अथवा अन्य जरूरी सामग्री की खरीदारी के लिए अन्य दूरस्थ स्थलों पर पूर्व से संचालित बाजारों खेतको औरा, इसरी, मुंगो पर आश्रित रहना पड़ता था। अब मडमो में बाजार लगने से यहाँ के लोगो को काफी सुविधा होगी। आज बाजार के प्रथम दिन में ही बाजार लगते ही हरी सब्जियों, फल,राशन, कपड़ा, चौमिन,बीज, लोहे से बने कृषि के औजार समेत अन्य वस्तुओं की खरीद बिक्री की गई।इस मौके पर मुख्य रूप से कैलाश महतो,मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा,वार्ड सदस्य अर्जुन महतो, रेशमी देवी,घनश्याम महतो, सनीचर सोरेन,संजीत रवानी, बहराम मरांडी,अरविन्द सिंह के साथ सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# बरही मुखिया संघ मिला सांसद मनीष जयसवाल से, दी जीत की बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुखिया व भाजपा कार्यकर्ता हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल के आवास पर पहुंचे और उन्हें सामूहिक रूप से बुके देकर जीत की बधाई दिया। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको पंचायत के मुखिया विजय कुमार यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि में रानीचुवां पंचायत के रामचन्द्र टुडू, पंचमाधव पंचायत के हरेंद्र गोप, डपोक पंचायत के अर्जुन रविदास, बरही पूर्वी पंचायत के मुखिया छोटन ठाकुर और आदि थे।

# सेवा सहयोग समिति के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सेवा सहयोग समिति के द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के इंटरनेशनल स्कूल के पास, अडरा रोड सुल्ताना पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया . संबंध में बताया गया कि पूर्व के दिनों में कटकमदाग के अन्य दो पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा चुका है कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में अगले 30 तारीख तक निरंतर रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा इसके पश्चात अन्य चरणों में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया जाएगा। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, वहीं कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस शिविर मे पंचायत के करीब 425 ग्रामीणों ने हिस्सा लिया. शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सा जनरल फिजिशियन के रूप में मौजूद रहे,वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान आने वाले मरीजों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई साथ में बीपी,शुगर, पल्स एवं वजन जांच निशुल्क किया गया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर करीब 4:00 बजे तक निरंतर रूप से चलता रहा शिविर में आने वाले मरीजों एवं उनके साथ परिजनों के लिए गर्मी को देखते हुए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई साथ ही गर्मी से बचाव के लिए बेहतर टेंट लगाया गया था.




# भाजपा युवा नेता नीरज गुप्ता ने की बाबूलाल मरांडी से मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के भाजपा के युवा नेता नीरज गुप्ता ने भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव में मिली सफलता पर बधाई दी. इस संबंध में नीरज गुप्ता ने बताया की यह मुलाकात एक औपचारिक मुलाकात थी. उन्होंने कहा कि वे पहले से समाज सेवा करते आ रहे हैं आने वाले दिनों में भी अपना समाज सेवा का कार्य जारी रखेंगे साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी उन्हें हजारीबाग विधानसभा से मौका देती है तो वह पार्टी के शुक्रगुजार होंगे और अपने पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेंगे आपको बता दें कि नीरज गुप्ता बाबूलाल मरांडी के साथ झारखंड विकास मोर्चा से ही जुड़े हुए हैं जब बाबूलाल मरांडी झारखंड विकास मोर्चा का विलय भाजपा में कर दिए तो यह भी भाजपा में चले गए.



# बालू की कमी से अबुआ आवास लाभुक परेशान : अजय कुमार मंडल



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास है,जिसके तहत प्रखण्ड में अबुआ आवास का कार्य प्रारंभ किया गया है। परन्तु इस योजना को पूर्ण करने के लिए बालू की आवश्यकता है,और दूसरी तरफ बालू उठाव पर सख्ती की जा रही ऐसे में यह योजना एवं अन्य विकास के कार्य कैसे पूर्ण होंगे ? इतना ही नहीं अब दूसरी क़िस्त के लिए लाभुकों से जाति प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है, बिना जाति प्रमाण पत्र के दूसरी किस्त भेजने पर रोक लगा दी गई है। आजसू नेता अजय कुमार मंडल ने कहा कि राज्य सरकार प्रश्न चिन्ह लगते हुए कहा कि अबुआ आवास योजना सिर्फ दिखावे की योजना साबित हो रही,इस सिर्फ चुनावी लाभ लेने के लिए आनन -फानन मे आधे-अधुरे कागजात के साथ ही सरकार ने ग्राम सभा को दर किनार कर पंचायत प्रतिनिधियों को अपमान करते हुए अबुवा आवास की स्वीकृति कर दी गई।अब तरह-तरह के कागजात की माँग कर योजना को लटकाने एवं भटकाने का काम किया जा रहा है।लाभुक इससे काफी परेशानी महसूस कर रहे है। कई लाभुक ऐसे हैं जो भूमिहीन हैं जिन्हे आवास बनाने के लिए जमीन आवांटन किया गया है। उनका जाति प्रमाण पत्र कैसे बनेगा वहीं जिनका जाति प्रमाण पत्र बन गया और दूसरा किस्त उनके यहाँ आ भी जाएगा तो बालू के अभाव में आवास का काम कैसे करेगा एक तरफ सरकार का फरमान है,आवास का काम जल्द से जल्द पुरा करो और दूसरी तरफ यह भी फरमान बालू उठाव पर रोक लगाया जाए सरकार की ये कैसी नीति हैइस तरह की सरकारी फरमान से गरीब जनता पीसी जा रही है ।

# बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**टाटीझरिया :** बकरीद को लेकर टाटीझरिया थाना परिसर में बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज की अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी सुजीत कुमार के संचालन में बैठक की गई ।बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख संतोष मंडल उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज ने कहा की पूर्व की तरह शांति पूर्वक से पर्व को मनाएं।प्रमुख संतोष मंडल ने कहा की सरकार के निर्देश का पालन करते हुए पर्व मनाना है अफवाह पर ध्यान नहीं दे।आपत्ति जनक पोस्ट नही करेंगे। थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा की कुर्बानी को खुले में नही करना है परदा में रहकर कुर्बानी देना है। अनावश्यक सड़क पर भीड़ नही लगाना है। सरकार के हर नियम का पालन भी करना है।

# कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया



**कटकमदाग :** प्रखंड के हत्थामेढ़ी में पिछले कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो गया था इस प्रचंड गर्मी में वहां के ग्रामीणों को बिजली नहीं रहने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जब इस बात का पता मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव को लगा तब इन्होंने बिजली विभाग से संपर्क किया तत्पश्चात बिजली विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर मुहैया कराया गया। ट्रांसफार्मर को ग्राम हत्थामेढ़ी में लाकर पुराने ट्रांसफार्मर को बदलकर नए ट्रांसफर पर लगाया गया। ट्रांसफार्मर लग जाने के बाद सामूहिक रूप से फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। ट्रांसफार्मर के लग जाने से गांव में बिजली फिर से बहस हो गई। गांव में बिजली बहाल हो जाने पर ग्रामीणों ने मुखिया प्रतिनिधि को धन्यवाद कहा।

# बीईसी एवं जेईआरडीए के सहयोग से स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का हुआ आयोजन

## हजारीबाग फेडरेशन ऑफ़ चैंबर और इंडस्ट्री के पदाधिकारी हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बीईसी एवं जेईआरडीए के सहयोग से स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची से इंजीनियर ऑडिटर के रूप में चंदन तिवारी मुख्य रूप से मौजूद हुई ,उनके द्वारा ग्राहकों एवं विक्रेता गण को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। बीईई द्वारा उपकरण के स्तर लेवलिंग की महत्व को विस्तार और उपकरणों के स्तर लिविंग के फायदे भी ग्राहकों एवं विक्रेताओं को विस्तार रूप से बताया गया। तकनीकी क्षमता के विषय में ग्राहकों को विस्तार रूप से बताया गया कि यदि हम 3 स्टार का सामान प्रयोग करते हैं तो बिजली का बिल अधिक आता है वही हम 5 स्टार का सामान उसे करते हैं तो बिल काम आता है। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम आयोजित करना काफी सराहनीय है । इसका प्रचार प्रसार अधिक से अधिक होना चाहिए ताकि हर ग्राहकों तक या बात पहुंच सके ऐसे कार्यक्रम आयोजित के लिए हम पूरी आयोजक मंडली का आभार प्रकट करते हैं । जिन्होंने ग्राहकों के प्रति इतना सजकता से कार्यक्रम आयोजित किया वहीं ग्राहकों के साथ विक्रेताओं को भी आमंत्रित किया। मौके पर - चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल,उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल,सह सचिव तारिक अहमद रजा, खेतान ऑटोमोबाइल के संचालक बजरंग लाल अग्रवाल सहित कई प्रतिष्ठा के संचालक एवं ग्राहक मौजूद थे।

# जयंत सिन्हा ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित कार्यक्रम में रखे विचार




**● जलवायु परिवर्तन के संबंध में भारत के लक्ष्य होंगे दुनिया के लिए वरदान साबित : जयंत सिन्हा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में 15 जून को वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान विश्व भर के अनेक जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के संबंध में कई आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत संवाद किया गया। जयंत सिन्हा ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अपने सुझावों, कार्यो व रिपोर्टो से लगातार विशेष योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की तरह भारत भी जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहा है। इसके लिये हमें ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने की बेहद जरूरत है। हमें भारत में विदेश से निवेश बढ़ाना होगा ताकि हम पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का उपयोग कर सकें। उन्होंने आगे कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस दिशा में आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने भारत के लिए जलवायु परिवर्तन के संबंध में जो लक्ष्य रखे हैं, वो दुनिया के लिए आने वाले समय में वरदान साबित होंगे।


# पत्रकार लखन पासवान की माता का आकस्मिक निधन हो गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** कटकमदाग प्रखंड के सलगावां निवासी पत्रकार लखन पासवान की माता बोधनी देवी का शनिवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 86 वर्ष की थी। पिछले 5-6 दिनों से वह बीमार थी। उन्हें ईलाज के लिए एसबीएमसीएच हजारीबाग में भर्ती कराया गया था। ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया। रविवार को सलगावां पचपौनिया मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन के साथ-साथ गांव व शहर के कई गणमान्य लोग शरीक हुए। वे अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई।

# हिंदुत्व प्रचारक अमन कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में हुआ प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय बड़ा अखाड़ा से हिंदुत्व प्रचारक इंजीनियर अमन कुमार तथा अजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में सनातनी एवं रामभक्तो के हुजूम ने सड़को पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया तथा बड़ा अखाड़ा से गंगाजल लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर में महादेव को जल अर्पण कर उनकी जल्द रिहाई के लिए प्रार्थना की गई। तत्पचात देवांगना चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। उक्त कार्यक्रम में हजारीबाग जिला तथा बाहर से भी आए रामभक्तों ने अपना समर्थन दिया।उन्होंने सरकार से रामभक्तो की जल्द रिहाई की मांग की।

# बकरीद त्योहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवम् सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शफीक खान ने किया। बैठक में पुलिस प्रशासन के साथ स्थानीय समुदाय के लोग तथा विभिन्न धार्मिक समुदाय के लोगों मौजुद रहे। थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार सामूहिक भाईचारे और शांति का प्रतीक है। उन्होंने त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुदाय के सदस्यों से सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी तरह का अफवाह ना फैलाएं और कोई ऐसा कार्य ना करें जिससे दूसरे धर्म के लोगो की धार्मिक अनुष्ठान पर ठेस पहुंचे। मौके पर एस आई मिठू मुर्मू, ए एस आई गणेश हासदा, अशोक प्रसाद, मोहम्मद जैनुल, राजेश प्रसाद, अभिषेक कुमार, संजीत कुमार, खागो महतो, परमेश्वर महतो, अयूब खान इत्यादि लोग मौजूद थे।

# बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बकरे ईद के त्योहार को बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी बालेश्वर राम एवं संचालन पत्रकार आरिफ वकार ने किया। बैठक में उपस्थित प्रमुख फुलवा देवी ने कहा के बकरे ईद के त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम ने कहा के बकरे ईद का त्योहार त्याग का त्योहार है। त्योहार में कोई ऐसा कार्य न करे जिससे आपके आस पड़ोस में रहने वाले आपके भाई बंधु का आस्था आहत हो। मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा के बड़कागांव में आज तक किसी तरह का विवाद नही हुआ है और न ही होगा। कुर्बानी के बाद जो भी कचड़ा हो उसे एकत्रित कर कहीं ऐसा जगह पे फेंके जिससे किसी को कोई परेशानी न हो। त्योहार में कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की भी आस्था आहत हो। मौके पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा के बकरे ईद के त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। बड़कागांव पुलिस प्रशासन के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई। किसी भी तरह का अफवाह न फैलाएं, न ही अफवाह फैलाने वाले का सहयोग करें। बड़कागांव पुलिस की पैनी नजर सोशल मीडिया में बनी हुई है, किसी भी तरह का भ्रामक पोस्ट न करें। कानून को अपने हाथ में न लें। बाहरी लोगों के बातों में आ कर आपसी मेल जोल को खराब न करें। बाहर से लोग आ कर लोग हिंदू मुसलमान के बीच नफरत फैला कर चले जाते हैं लेकिन बाद में कानून के पकड़ में आने पर स्थानीय लोगों को भुक्तभोगी होना पड़ता है। छोटी मोटी बात परिवार में भी होती है लेकिन उसको सांप्रदायिक रंग न दें। कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों पर निश्चित तौर पर करवाई की जाएगी, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य पंचायत मुखिया तकरीम उल्लाह खान, कांग्रेसी नेता रामसेवक सोनी, सांढ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, सिरमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद आसिम, गोंदलपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, शमशेर अंसारी, अली राजा, विशेश्वर राम सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में ली गई स्वच्छता की शपथ




**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा जो 16 जून से 30 जून तक मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रारंभ करने हेतु स्वच्छता शपथ लिया गया एवं साथ में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरगड़ा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार झा एवं महाप्रबंधक संचालन राजीव कुमार सिंह तथा स्टाफ अधिकारी गुणवत्ता सतीश कुमार श्रीवास्तव एवं कार्मिक प्रबंधक मनीष कुमारअम्बाष्टा उपस्थित थे। साथ में क्षेत्र के अन्य कर्मचारी एवं यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित हुए उक्त कार्यक्रम मे महाप्रबंधक संजय कुमार झा साहब द्वारा शपथ दिलाया गया एवं स्वच्छता संबंधित मार्गदर्शन दिशा निर्देश दिया गया। तथा अंत में कार्मिक प्रबंधक मनीष कुमार अम्बाष्टा सभी को स्वच्छता हेतु एवं मार्गदर्शन करते हुए 16 जून से 30 जून चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा में बढ़-चढ़कर लोगों को हिस्सा लेने की सलाह दी गई तथा विभिन्न इकाइयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करवाने इत्यादि के शपथ के साथ उक्त कार्यक्रम की घोषणा की गई।

## नव-दांपत्य जोड़ी को आशीर्वाद देने पहुँचे विधानसभा पूर्व प्रत्याशी संतोष



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संतोष महतो द्वारा रामगढ़ क्षेत्र की ग्रामीणों के सभी सुख-दुख में हमेशा सहयोग कर सक्रिय भूमिका निभाने वाले सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता संतोष महतो ने सेरेंगातू/साड़म निवासी छात्र नेता और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी गौतम महतो की शादी समारोह में शामिल होकर नव दंपति जोड़ी को आशीर्वाद दिया और शुभकामनाएं दी उनके शादी के पारिवारिक बंधन में जुड़ने की खुशी में पहुंचे तथा वैवाहिक जीवन आनंदमय रहे की शुभकामनाएँ देने पहुँचे गोला क्षेत्र के साथ साथ रामगढ़ में गौतम महतो सहज सरल लेकिन प्रभावी संगठनात्मक कार्यों के लिए जाने जाते हैं।संतोष महतो ने कहा कि गौतम महतो छोटे भाई और पुराने सहयोगी रहे हैं और लंबे समय से राजनीतिक सलाहकार की भूमिका में भी रहे हैं।उनके परिणय सूत्र में बंधने से हमारे टीम में काफ़ी खुशी है और उनको उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की शुभकामनायें देते हैं।साथ में बारलौंग पंचायत के उपमुखिया बीरेन्द्र महतो,समाजसेवी प्रेम महतो,मिथुन महतो,लंकेश महतो साथ थे।

## महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों व सीसीएलकर्मियो को दिलाई स्वच्छता की शपथ



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में रविवार को महाप्रबंधक अजय सिंह ने सीसीएल मुख्यालय के निर्देशानुसार सभी अधिकारीयों व सीसीएलकर्मीयो को स्वच्छता कि शपथ दिलाई। मौके पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि कार्यस्थल के साथ साथ अपने घर और आसपास सफाई करना जरूरी है। स्वच्छता से ही हम कई बिमारियों को दुर कर सकते हैं। जिससे हमारी धरती व जिंदगी खुशहाल हो सकती है। वहीं इस मौके पर एसओ इएंडएम अमरेन्द्र कुमार,एसओपी अजय कुमार,केदार राम,शम्भुनाथ,शशी दुसाध, युगल सिंह आदि लोग मौजूद थे ।

## बकरीद पर्व को लेकर निकला गया फ्लैग मार्च



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश भर में मनाने जाने वाली ईदउल अजहा (बकरीद ) पर्व को लेकर रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार की अध्यक्षता में फ्लैग मार्च निकाला गया इस फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर सिंह , रामगढ़ थाना प्रभारी अजय साहू एवं साथ में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे ।यह फ्लैग मार्च रामगढ़ थाना से निकलकर गोल पार सौदागर मोहल्ला पुरनी मंडप कोरी टोला सुभाष चौक थाना चौक होते हुए नईसराय चौक से होते हुए रामगढ़ थाना में आकर समाप्त हुआ

## बकरा ईद को लेकर फ्लैग मार्च किया गया



**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू थाना के द्वारा संध्या 5:00 बजे पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा के नेतृत्व में थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ,कुजू थाना प्रभारी दिगंबर पांडे ,एस आई संतोष उरांव ,एएसआई सुरेंद्र सोई सहित पुलिस बल के जवान के साथ मांडू चट्टी मंडूड़ी आजाद मोहल्ला गोविंदपुर होते हुए हुवाग बस्ती मैं फ्लैग मार्च किया गया इसमें लोगों से शांति के साथ महान त्यौहार बकरा ईद मनाने की अपील किया गया।

## ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर रामगढ़ थाना में शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** देश भर में 17 जून को होने वाली ईदउल अजहा बकरीद का त्यौहार को लेकर रविवार को रामगढ़ थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्य, कई अंजुमन के सदर सेक्रेटरी, पंचायतो के जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्ध लोग व विभिन्न राजनीतिक दलो के गण्यमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में बकरीद त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है । क्षेत्र में कहीं भी किसी प्रकार की कोई हिंसक व अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सभी लोग सहयोग करे । इस मौके पर एहसान अंसारी मोहम्मद आसिफ इकबाल जगतपाल प्रसाद अजमल हुसैन के ड़ी यादव मुमताज मंसूरी एमडी इम्तियाज ग्यास खान सलीम खान रामविलास पाल आदि उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व को लेकर भदानीनगर ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भदानीनगर :** बकरीद पर्व को लेकर भदानीनगर ओपी परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने किया। मौके पर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने कहा कि बकरीद पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्द तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस जगह-जगह तैनात रहेगी। श्री रजक ने कहा कि अगर किसी को कोई संदिग्ध दिखाई दे, तो पुलिस को फौरन सूचना दें, ताकि त्वरित कार्रवाई हो और कोई अप्रिय घटना न घटे। बैठक में रईस आलम, मो शमशेर अंसारी, मो जिलानी अंसारी, रामफल बेदिया, आजाद अंसारी, मो मंजूर, मो सलीम अंसारी, हरिलाल बेदिया, शंकर तुरी, महेश तुरी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## उरीमारी ओपी में बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी ओपी परिसर में रविवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति कि बैठक कि गई। बैठक कि अध्यक्षता ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने किया। इस बैठक में शांतिपूर्ण बकरीद मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि बकरीद का त्योहार लोग आपसी भाईचारे के साथ मनाए। उरीमारी क्षेत्र कि परंपरा रही है कि लोग सभी पर्व त्यौहार आपसी प्रेम और सद्भावना के साथ मनाते आए हैं।यह परंपरा आगे भी जारी रहे इसके लिए सभी को अपना दायित्व निभाना होगा। ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने यह भी कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी स्थान से संबंधित अफवाहो पर ध्यान नहीं देना है। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार कि अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई कि जाएगी। पुलिस सोशल मीडिया पर अपनी निगरानी रख रही है। वहीं इस मौके पर उरीमारी ओपी के एएसआई रशिक किस्कू, सीताराम सिंह, धर्मेंद्र, मुखिया चरका करमाली, सीताराम किस्कू, उपमुखिया सतीश कुमार, चंदू जयसवाल, संजय यादव, लालो महतो, नौसाद आलम, फैयाज अंसारी, परवेज अंसारी, नवाब इराकी, गुलाम वारिस आदि लोग मौजूद थे।

## प्रबंधक से वार्ता के बाद ग्रामीणों का आंदोलन वापस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सौंदा बस्ती सरैया टोला के ग्रामीणो ने रोजगार कि मांग को लेकर शनिवार को सयाल डी परियोजना का काम पुरी तरह से ठप कराया था। दुसरे दिन रविवार को महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह व परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार के साथ ग्रामीणों कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर 19 जुन तक आउटसोर्सिंग कंपनी रोजगार को लेकर पहल नहीं करती है तो पुनः 20 जुन से आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। वार्ता में एसओपी अजय कुमार, समिति के दयानंद प्रसाद,अंबर कुमार, हरिनारायण प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद,सुरज कुमार,पवन बाउरी, चित्तरंजन कुमार, अभिषेक कुमार शामिल थे।

## भाकपा माले कार्यकर्ताओं की बैठक ग्राम बुमरी में संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** तत्काल अपराधियों को गिरफ्तार करो की मांग को लेकर रविवार को भाकपा माले कार्यकर्ताओं की बैठक ग्राम बुमरी में संपन्न हुई। ज्ञात हो कि पिछले 13 जून को छोटका चुंबा हुनडारही नाला बुमरी पर पुल निर्माण कार्य में अपराधियों ने गोली बारूद से जान से मारने एवं बारूद से पुल को उड़ा देने की धमकी देकर काम को बंद करा दिया गया। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर जानकारी दी गई है लेकिन आज 16 जून तक घटना स्थल बुमरी के पुल निर्माण पर कोई भी पुलिस जांच पड़ताल के लिए नही पहुंची है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि पुलिस लूट खसोट,भ्रष्टाचार में मशगूल रहती है। अपराधियों को छूट दी जाती है। इस बैठक में निम्न मांगे की गई है । पुलिस प्रशासन यथाशीघ्र पुल निर्माण कार्य में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करो। पुल निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ मापदंड सामग्रियों के तहत कार्य को पूरा करो। पुल निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों को रोजगार दो और निर्धारित सरकारी दर न्यूनतम मजदूरी लागू करो।यदि उपरोक्त सवालों पर पुलिस एवं जिला प्रशासन समस्याओं का हल नहीं किया तो भाकपा-माले जल्द आंदोलन तेज करेगी। बैठक में भाकपा-माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,लालचंद बेदिया, कालीचरण बेदिया, हरि बेदिया, गोपाल बेदिया, बाबूलाल बेदिया, हरिचरण बेदिया अन्य लोग शामिल थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ का हुआ विस्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गोला :** रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के आवासीय कार्यालय में महासभा की एक बैठक हुई। इस बैठक में महासभा का आंशिक विस्तार किया गया। इसमें गोला निवासी सुजीत कुमार सिन्हा, पिता- अलख कुमार सिन्हा को महासभा का रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष एवं लोहार टोला निवासी सूर्यवंश श्रीवास्तव, पिता- स्व. अनंत प्रसाद श्रीवास्तव को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष द्वारा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष को 15 दिनों के अन्दर अपने कमिटी का विस्तार कर सूचित करने को कहा। जिला अध्यक्ष ने अपने हाथों से सुजीत कुमार सिन्हा एवं सूर्यवंश श्रीवास्तव को मनोनयन पत्र सौंपा तथा महासभा के विस्तार एवं प्रगति के लिए प्रयत्नशील रहने को कहा। बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री राजीव पामदत्त, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार वर्मा एवं अमित सिन्हा उपस्थित थे। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन पर बामेश्वर प्रसाद, राजीव पामदत्त, रोहित कुमार वर्मा, राजेश कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, अनिल सिन्हा, सनत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, आनंद कुमार सिन्हा, मुन्ना श्रीवास्तव, प्रो.प्रदीप सिन्हा, सुजीत नारायण सिन्हा, संजय अम्बष्ठ, मनोज कुमार सिन्हा, चित्रांश परिवार गोला के सचिव रविंद्र कुमार सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, अधिवक्ता अनुज कुमार सिन्हा, रजनीश आनंद, संदीप लाला, अभिषेक सिन्हा ने बधाई दी है।

## नदीयों को बचाने को लेकर किया गंगा पूजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** रविवार को माँ पंच वाहिनी मंदिर के समीप पतरातु डेम नदी पर दक्षिण झारखंड संभाग रामगढ़, अंचल पतरातु एवं भुरकुण्डा संच द्वारा गंगा दशहरा नदी पूजन किया गया। वहीं पतरातु संच समिति के सहयोग से पतरातु भुरकुण्डा के आचार्य एवं पतरातु संच समिति अध्यक्ष जयनंदन शर्मा, सचिव किशोर कुमार महतो और महिला संच समिति सचिव अनिता जैन के सहयोग से नदी पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। यह पूजन का मुख्य उद्देश्य नदीयों को बचाना है। इस कार्यक्रम विश्वजीत महतो संभाग आरोग्य प्रशिक्षक गंगाधर,अंचल व्यास नागेश्वर, संच प्रमुख पतरातु शांति देवी, संच प्रमुख भुरकुंडा राजेन्द्र, संच व्यास अमृता कुमारी संच व्यास एवं आचार्या यशोदा देवी, सपना देवी,स्वेता कुमारी, पियाशो कुमारी, आरती देवी, मालती देवी, प्रियंका कुमारी, अनिशा कुमारी, मानमती देवी, ममता देवी, खुशबू देवी और सरिता कुमारी अनेकों गांव के लोग शामिल थे।

## मजदूरों की समस्याओं को लेकर आरसीएमयू कार्यालय में हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) के क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने किया. इस बैठक में पोटंगा वर्क शॉप, सौदा साइडिंग, बेस वर्क शॉप, फिल्टर प्लांट ऑफिस से यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे. बैठक में मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई. जिसमे अचार संहिता को लेकर पदोन्नति रुका हुआ था, उसे किया जाए, ग्रामीण बैंक व डिस्पेंसरी को चेक पोस्ट शनिचर बाजार के पास लाया जाए, चेक पोस्ट कॉलोनी फिल्टर प्लांट का वाटर सप्लाई मोटर दो-तीन घंटा चलने के बाद गर्म हो जा रहा है, उसे बदला जाय, बेस वर्क शॉप में पीने का पानी की व्यवस्था की जाये ,रेस्ट रूम में महिला पुरुष के लिए शौचालय बनवाया जाये, सीसीएल कर्मियों को इंसेंटिव दिया जाये, हेसाबेडा के बोरिंग में पानी का पाइप जोड़ा जाये, बरसात से पहले चेक पोस्ट कालोनी के नालियों की साफ सफ़ाई करवाया जाये, बकाया एरियर का भुगतान जल्द से जल्द करवाया जाये.मौके राजू यादव ने कहाकि उरीमारी के परियोजना पदाधिकारी व बरका सयाल एरिया के महाप्रबंधक से अभिलंब मुलाकात कर सभी समस्याओं की सूची सोपी जाएगी. बैठक में उरीमारी शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू, विस्थापित नेता विश्वनाथ मांझी, लालो महतो,गणेश राम, दीपक विश्वकर्मा ,टहल गोप, रवि पवारिया, उप मुखिया सतीश कुमार, अंजन बेहरा, सतई राजभर, अशोक कुमार, बिरजू मुंडा, चंद्र किशोर यादव, राजकुमार महतो, महेंद्र सिंह, जेपी मेहता, दीपक यादव, बाबूराम, कार्तिक डे, संजय कुमार यादव, भोला रविदास, चंदू जैसवाल, सुखदेव सोरेन, सीगू मांझी, बिनोद प्रजापति, लालदेव सोरेन, पप्पू यादव, राधे श्याम रजक उपस्थित थे।

## हजारीबाग सांसद का गोला में किया गया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जयसवाल को जीत के बाद गोला के इंटरनेशनल संस्कार प्ले स्कूल में रविवार को गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव के नेतृत्व में फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया इस दौरान इस स्कूल के डायरेक्टर रितेश केशरी ने बुके ओर शोल देकर स्वागत किया गया।सांसद ने कहा की आज हम आपके बीच आभार व्यक्त करने आएं हैं आपलोगों जिस तरह चुनाव में भारी मतों से मुझे विजय बनाएं है इसका कर्ज हम जरुर चुकाएंगे हम हमेशा आपके बीच रहकर कोई भी छोटा बड़ा काम हो हम उसे पुरा करने की कोशिश करेंगे।सुख या दुख हो हम आपके पास हमेशा खड़ा रहेंगे। उन्होंने इस स्कूल के डायरेक्टर रितेश केशरी को कहा की आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किए है इसको लेकर जो भी मदद करना होगा उसे हम पुरा करेंगे। मौके पर अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता पुर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार कुंटू बाबू,जिला महामंत्री रंजन सिंह, ज़िला उपाध्यक्ष राजु चतुर्वेदी राजीव जायसवाल महामंत्री जितेंद्र साहु उप प्रमुख विजय ओझा जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता चौधरी आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो सचिव नित्यानंद महतो पंचम चौधरी अर्जुन प्रसाद रवी हाजरा संतोष कुशवाहा ललन कुशवाहा प्रितम झा हरिश बर्मन देवंती देवी सुलेखा देवी माधुरी देवी सुरज बर्मा चंद्र शेखर उपाध्याय एहसानुल हक दिंगबर महतो लखन अग्रवाल परितोष चंद्र पोद्दार राजु अग्रवाल संजय बर्मन दिपक केशरी कृपाल बर्मन रुपेश पोद्दार प्रयाग साव जय किशुन साव संतोष साव प्रकाश कपूर अनुज प्रसाद दीपक सिंह भागीरथ कश्यप दिलचंद महतो के अलावा आम जनता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## 18 जून को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर का पोस्टर हुआ जारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा 18 जून को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। यह शिविर मारवाड़ी धर्मशाला, चट्टी बाजार में आयोजित किया जाएगा।मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं मंच के सदस्यों ने सभी लोगों से अपील की है कि वे इस महान कार्य में भाग लें और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए रक्तदान करें।उन्होंने बताया कि रामगढ़ क्षेत्र में रक्त की भारी कमी है और आपके रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है।रक्तदान के फायदे रक्तदान करने से दिल से जुड़ी बीमारियों और स्ट्रोक का ख़तरा कम होता है। शरीर में आयरन संतुलित होता है, जिससे दिल की सेहत में सुधार होता है और कुछ प्रकार के कैंसर का जोखिम कम रहता है।रक्तदान से कैलोरी बर्न होती है, जिससे वजन नियंत्रित रहता है। शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण तेजी से होता है, जिससे सेहत में सुधार होता है। रक्तदान से मानसिक शांति, खुशी और आत्मसंतुष्टि मिलती है। रक्तदान से ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रहता है। रक्तदान लीवर की समस्याओं को कम करता है।रक्तदान कलेस्ट्रॉल को कम करता है रक्तदान से संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार होता है। रक्तदान करने से फ्री में बुनियादी स्वास्थ्य जांच हो जाती है, जैसे ब्लड ग्रुप, होमोग्लोबिन, एचआईवी-1,2, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, मलेरिया, सिफिलिस, ब्लड प्रेशर, वजन आदि। रक्तदान से मानसिक शांति, खुशी और आत्मसंतुष्टि मिलती है।बीपी और शुगर के मरीज रक्तदान कर सकते हैं, रक्तदान के कुछ घंटे बाद दवा लें (इंसुलिन लेने वाले मरीज रक्तदान नहीं कर सकते)।18 से 65 वर्ष के स्वस्थ लोग जिनका वजन कम से कम 45 किलो हो और होमोग्लोबिन 12.5 से अधिक हो, रक्तदान कर सकते हैं।

## रजरप्पा पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने चुनाव जितने के तुरंत बाद अपने लोकसभा क्षेत्र में जनता का आभार जताने के लिए धन्यवाद यात्रा की शुरुआत की। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रचंड मतों से चुनाव जीताकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने के लिए मतदाताओं का आभार जाता रहे हैं। इसी कड़ी में बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र के बाद रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपनी धन्यवाद यात्रा के साथ मनीष जायसवाल क्षेत्र में जनता के बीच दिखे ।रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकालने से पहले सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका का विशेष पूजा- अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मनीष जायसवाल के पूजा- अर्चना के पश्चात रजरप्पा मंदिर धार्मिक न्यास समिति के पदाधिकारी और सदस्य छोटू पंडा, राकेश पंडा, पोपेश कुमार पंडा सहित अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा मां छिन्नमस्तिका मन्दिर का तस्वीर भेंटकर और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत और सम्मान किया गया। यहां सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेषरूप से भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार कुण्टू, युवा भाजपा नेता राजीव जायसवाल, भाजपा महिला नेत्री सेफाली गुप्ता, प्रो. संजय सिंह, विजय जायसवाल, वसुध तिवारी, दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, राजू चतुर्वेदी, रंजन सिंह फौजी, गणेश प्रसाद, नरेश कुमार, बबलू साव, राजीव जायसवाल, प्रवीण कुमार, अंकित सिंह, राहुल पासवान, शेफाली गुप्ता, वासुदेव प्रजापति, राहुल पासवान, सोनू कुमार, मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।गोला, बरलंगा, चितरपुर, दुलमी और रामगढ़ के कई क्षेत्रों का किया तुफानी दौरा, लोगों ने किया अभूतपूर्व स्वागत, मतदाताओं का जताया आभार रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका का पूजा करने के उपरांत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला, बरलंगा, चितरपुर, दुलमी और रामगढ़ शहरी इलाके के कई क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत गोला संस्कार विद्यालय प्रांगण से की।

## बलकुदरा छाई-डैम के विस्थापित ग्रामीणो के अधिकार के लिए पीवीयूएनएल के खिलाफ झामुमो आर-पार की लड़ाई लड़ेगी : योगेन्द्र यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुण्डा :** झामुमो पंचायत समिती, बलकुदरा के द्वारा बलकुदरा छाई-डैम के भीड मे प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमे हम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों द्वारा पतरातू प्रखंड के बलकुदरा छाई-डैम के जनसमस्याओं को लेकर विगत वर्षो से पीवीयुएनएल कंपनी के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से नौकरी , मुआवजा एवं पुनर्वास को लेकर झामूमो के बैनर तले आंदोलनरत है। हम स्थानीय विस्थापित द्वारा पीवीयुएनएल प्रबंधन को 5 अप्रैल को आमसभा कर ज्ञापन सौंपे,दिनांक-24/11/2023 को पुनः मांग पत्र सौंपे,दिनांक-18/12/2023 को पीवीयुएनएल कंपनी के मैन गेट के समक्ष विशाल जन आक्रोश रैली धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मांग पत्र सौंपे और दिनांक-05/03/2024 को बलकुदरा छाई-डैम मे पीवीयुएनएल कंपनी द्वारा जबर्दस्ती प्रशासन के मदद से काम करने की कोशिश किया। जिसे हम विस्थापित ग्रामीण द्वारा काम को रोका गया। एवं दिनांक-12/03/2024 को पीवीयुएनएल कंपनी के मेन गेट के समक्ष एक दिवसीय भूख हड़ताल के माध्यम से पुनः मांग पत्र सौंपे। लेकिन अभी तक पीवीयुएनएल कंपनी हम स्थानीय विस्थापितों के मांगों पर किसी तरह का सकारात्मक पहल नहीं किया है पीवीयुएनएल कंपनी के द्वारा हम स्थानीय विस्थापितो पर एफआईआर भी दर्ज किया है। प्रबंधन के अड़ियल रवैया दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है झारखंड सरकार नियोजन अधिनियम 2022 के तहत स्थानीय विस्थापितों को रोजगार में 75त्न प्राथमिकता देने का जो कानून बना है उसे भी पीवीयुएनएल कंपनी खुलेआम अवहेलना कर रही है। पीवीयूएनएल प्रबंधन दलालो बिचौलिए के माध्यम से मोटी रकम लेकर बहाली कर रही है। हम विस्थापित ग्रामीणो द्वारा निर्णय लिया गया। कि बलकुदरा छाई-डैम को लेकर पुनः मांग पत्र दिनांक-17/06/2024 को पीवीयुएनएल कंपनी पतरातू को मांग पत्र सौंपा जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस मे मुख्य रूप से झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सह विस्थापित योगेंद्र यादव,पंचायत अध्यक्ष सुनिल मुंडा, पंचायत सचिव सन्नी मुंडा, कुणाल यादव, सुकेश मुंडा, दीपक मुंडा, रवि महली, सोनू मुंडा, अरविंद यादव, संजय उरांव, अजय मुंडा, कृष्ण मुंडा, अजय कुमार, संदीप उरांव उपस्थित हुए।



## सीसीआई ने किया सांसद का अभिनंदन समारोह

# कोलकाता-पटना रेल सेवा का होगा प्रयास : चंद्रप्रकाश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार सांसद बने चंद्रप्रकाश चौधरी के स्वागत में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। सीसीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित इस समारोह के दौरान सांसद का भव्य स्वागत किया गया। सीसीआई की ओर से उन्हें शॉल और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस दौरान गिरिडीह के व्यवसायियों व नागरिकों के हित में लोगों ने कोलकाता और पटना के लिए रेल सेवा शुरू करवाने की मांग की। इसपर अपने संबोधन में सांसद श्री चौधरी ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मंत्रालय व विभाग से वार्तालाप करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे जानते हैं कि गिरिडीह से कोलकाता के लिए ट्रेन सेवा कितनी जरूरी है। वे इसके लिए पूरा जोर लगाएंगे और उम्मीद करते हैं कि रेलमंत्री से इस मांग को पूरा करवाने में सफल होंगे। उन्होंने इस आयोजन के लिए सीसीआई के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में वे समय-समय पर जनता दरबार लगाकर जनसमस्याओं को सुनेंगे और उसका हरसंभव निदान का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अरविंद कुमार ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष राहुल वर्मन ने किया। मौके पर लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज, आजसू जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव, भाजपा के जिला प्रवक्ता कामेश्वर पासवान, सीसीआई के सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास भदानी, अमरनाथ मंडल, राजेश गुप्ता, रवि कुमार, सीए ब्रमदेव बरनवाल, सीए राकेश वैश्यखियार, मशरुर आलम सिद्दीकी, रंजित केशरी, संजय बरनवाल, आभाष गुप्ता, संजय गुप्ता, हबलु गुप्ता, पिंटू गुप्ता, अरुण गुप्ता समेत सीसीआई के कई सदस्य मौजूद थे।

# कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार आज दिनांक 17 जुन 2024 को पूरे भारत वर्ष मे बड़े ही धूम धाम से मनाई जाएगी। ईद के बाद बकरीद मुस्लिम समुदाय का दुसरा सबसे बड़ा पर्व है जिसे कुर्बानी का भी त्योहार कहा जाता है। इसे लेकर मुस्लिम क्षेत्रों मे काफी रौनक और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। शहर के 50 से भी अधिक मस्जिदों एवं ईदगाहों मे बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। उसके बाद कुर्बानी का सिलसिला जारी होगा। तीन दिनों तक चलने वाले बकरीद के इस त्योहार को लेकर विभिन्न थानों में पूर्व मे आयोजित हुई शांति समिति की बैठक मे जिला प्रशासन ने शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में तथा आपसी भाईचारा के साथ बकरीद मनाने की लोगों से अपील की है। वहीं असामाजिक तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया पर आपतिजनक पोस्ट किये जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की भी बात कही गई है। किसी भी सूरत में सामाजिक महौल खराब न हो और कोई अप्रिय घटना ना घटे, इसके लिए जिला प्रशासन पुरी तरह से सतर्क है।






**अल्लाह को प्यारी है कुर्बानी : हाजी ज़मीर आरिफ**

ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ ने बताया कि ईद-उल-अजहा मजहब ए इस्लाम का एक अहम पर्व है। जो इस्लामिक कैलेंडर के आखिरी माह जिलहिज्जा की दस तारीख को पूरे दुनिया में मनाया जाता है। यह बहुत ही मुबारक महीना है जिसमें हज अदा किया जाता है। दुनिया भर के मुस्लिम सऊदी अरब के मक्का शहर में इकट्ठे होते हैं और हज के अरकान को पूरा करते हैं। यह त्योहार खास तौर पर कुर्बानी के लिए जाना जाता है। इसी दिन पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम को अल्लाह की रजा के लिए, अल्लाह की राह में कुर्बान करने जा रहे थे और अपनी आंखों पर काली पट्टी बांध कर जैसे ही अपने बेटे की गर्दन पर छुरी चलानी शुरू की तो अल्लाह के हुक्म पर फरिश्तों ने हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की जगह जन्नत से एक दुंबा ला कर रख दिया और उसी की कुर्बानी हो गई। इस तरह पैगम्बर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम अल्लाह की आजमाइश और इंतहान में कामयाब हुए। तब से कुर्बानी देने का सिलसिला शुरू हुआ। हालांकि कुर्बानी सभी के ऊपर फर्ज नहीं है लेकिन जिसको भी अल्लाह पाक ने साहिबे निशाब (मालदार) बनाया है उनको चाहिए की वह अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी जरूर पेश करें क्योंकि अल्लाह पाक को कुर्बानी बेहद पसंद है और इस अमल का सवाब भी बहुत ज्यादा है। दुआ है की अल्लाह पाक हम सभी के गुनाहों को बख्श दे और हमारी कुर्बानी और नेक आमाल को कुबूल फरमाएं। समस्त देशवासियों को ईद उल अजहा (बकरीद) की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## बकरीद के मौके पर जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे गए कपड़े



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईद उल अजहा (बकरीद) के अवसर पर वासेपुर के समाजसेवी मुख्तार खान एवं हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा शहर के कई स्थानों पर विशेष कर धनबाद रेलवे स्टेशन के समीप फूटपाथ पर रहने वाले सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरित किया गया और आर्थिक रूप से उन्हें सहायता भी दी गई। ताकि वह सभी लोग अपने अपने परिवार के साथ इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना सकें। साथ ही वहां पर उपस्थित बच्चों के बीच केक काट कर उन्हें अपने हाथों से खिलाया और उनके साथ थोड़ी खुशियाँ बिखेरी। वहीं इस मौके पर वासेपुर के इन समाजिक कार्यकर्ताओं ने मीडिया के माध्यम से कोयलांचल सहित समस्त देशवासियों को ईद उल अजहा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और अमन व शांति के साथ बकरीद मनाने की भी अपील की।

## मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में चला विशेष टिकट चेकिंग अभियान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद रेल मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे धनबाद- चन्द्रपुरा-कोडरमा खण्ड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई। इस जांच अभियान में कुल 1534 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 07 लाख 77 हज़ार 620 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 172 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने किया गांधी सेवा सदन में पौधारोपण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था ने गांधी सेवा सदन के प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान आम, अमरुद, पपीता, शरीफा, बेल आदि के दर्जनों फलदार पौधे लगाए गए। संस्था के अध्यक्ष राजू हाड़ी ने इस अवसर पर कहा कि आज जिस तरह से गर्मी में अप्रत्याशीत वृद्धि हुई है, उसका एक बड़ा कारण अंधाधुंध पेड़ों की कटाई है। संस्था ने पौधरोपण कर समाज में यह संदेश देने का काम किया है कि लोग पेड़ लगाने के प्रति आगे आएं। प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। जिसके चलते मौसम में भी बदलाव दिख रहा है। बारिश के समय बारिश नही हो रही है। जब बारिश नही होनी चाहिए उस समय बारिश हो जाती है।यह सब कार्बन डाय ऑकसाइड का अधिक से अधिक उत्सर्जन के कारण भी है और यही वजह है कि भीषण गर्मी का सामना हमें करना पड़ रहा है। इन सब से निजात पाने के लिये पेड़ लगाना ही एक मात्र उपाय है। हाड़ी समाज सभी लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पेड़ों का संरक्षण करने की भी अपील करती है।मौके पर महासचिव बुचू हाड़ी, कोषाध्यक्ष विजय हाड़ी, रक्षा मंत्री भोला हाड़ी, कार्यालय सचिवनारायण हाड़ी, उप संगठन सचिव संजय हाड़ी, मीडिया प्रभारी अमित हाड़ी, उपाध्यक्ष प्रकाश हाड़ी, युवा अध्यक्ष अमित किशोर हाड़ी, महासचिव अजय हाड़ी, सचिव दिनेश हाड़ी, संगठन सचिव भगत हाड़ी, कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ हाड़ी, मनोज हाड़ी एवं अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

# बगोदर के तीर्थ यात्री की अयोध्या में तबियत बिगड़ने से हुई मौत

## घर जाकर शोक संतप्त परिजनों से मिलें पूर्व विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** बगोदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम डोरियो निवासी अशोक साव के पिता श्यामलाल साव की आकस्मिक निधन अयोध्या में हो गया। बताया जा रहा है की बीते दिनों श्यामलाल साव अयोध्या तीर्थ करने गया था। जिसका अचानक तबीयत बिगड़ गई।हालत गंभीर होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगो ने बताया कि अधिक शुगर और बीपी बढ़ जानें के कारण तबीयत खराब हो गई इसी चलते मौत हुई है। आज पार्थिव शरीर अयोध्या से गांव पहुंचने की आकस्मिक निधन की पीड़ादायी सूचना मिलने पर *बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो* उनके निवास स्थान पहुंचकर शोकसंतप्त परिजनों से भेंट की व शोक संवेदनाएं व्यक्त की। तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया।साथ ही पूर्व विधायक कहा कि इस दुःखद घड़ी में पीड़ित परिवार के प्रति मेरा पूर्ण सहानुभूति है। ईश्वर परिवारजनों को इस कठिन समय में संबल दें, यही प्रार्थना करता हूं।इस दुःख की घडी में शंकर महतो, दुलारचंद महतो, अशोक कुमार, झरीलाल महतो, जुगल साव, रामेश्वर साव, रेवा साव सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद थे।

# ओबीसी एससी एसटी व माइनॉरिटी मोर्चा ने ढुल्लू महतो को पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को ओबीसी, एससी, एसटी, माइनॉरिटी मोर्चा व पटेल सेवा संघ के पदाधिकारीयों ने धनबाद की नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो के साथ चिटाही धाम में पूजा अर्चना की और उनके आवासीय कार्यालय मे अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर भारी बहुमत से जीत की खुशी में सम्मानित किया। वहीं सांसद ढुलू महतो ने मोर्चा के सभी सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया। मोर्चा के महासचिव गोपाल यादव ने ढुलू महतो के समक्ष ओबीसी, एससी, एसटी व माइनॉरिटी एकजुटता एवं मजबूती के लिए उनके मार्ग निर्देशन की आशा व्यक्त की। जिस पर ढुलू महतो ने मोर्चा को हर समय साथ देने का आश्वासन दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद, मोर्चा के महासचिव गोपाल यादव, बसंत कुमार यादव, सुधिष्ट कुमार, सचिव अरुण प्रसाद नवल प्रसाद, मुकेश यादव, यादव रामस्वरूप प्रसाद, बरमेश्वर चौधरी, इंद्र नारायण महतो, मणिलाल महतो समेत सभी लोगों ने सांसद ढुलू महतो के ओबीसी, एससी, एसटी व माइनॉरिटी के हित में मुख्यत~ बच्चों के उच्च शिक्षा व समग्र विकास के मद्देनजर इस 5 वर्षीय मंगलमय कार्यकाल की कामना की। साथ ही धनबादवासियों के लिए अपने प्रयासों से सुविधाओं व विकास का नया आयाम, नई रोशनी और दिशा देने के लिए शुभकामनाएं दी।



# भाकपा माले महिला मोर्चा की बैंक मोड़ कार्यालय में बैठक आयोजित

## जिला महिला कमेटी का हुआ गठन, आरती पासवान जिला संयोजक मनोनीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भाकपा माले महिला मोर्चा की बैंक मोड़ स्थित कार्यालय में एक आवश्यक बैठक हुई। कॉमरेड संदीप कौशल मुख्य रूप से बैठक मे उपस्थित हुए। सभी महिलाओं को लाल अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में माले पार्टी की जिला महिला मोर्चा का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से आरती पासवान को जिला संजोजक मनोनीत किया गया। मनोनयन होने के बाद कॉमरेड आरती पासवान ने कहा कि हम सभी एकजुटता के साथ पार्टी हित में गरीब व शोषित महिलाओं के उत्थान के लिए काम करेंगे।



साथ ही पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यों व अनुशासन का सभी पालन करेंगे। कॉमरेड संदीप कौशल ने कहा कि जिला में महिला मोर्चा के गठन होने के बाद पार्टी और मजबूती से जिलें में जमीनी स्तर पर काम करेंगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से मजबूत माले प्रत्याशी चुनाव लडेंगे।

मौके पर कॉमरेड संदीप कौशल सहित कॉमरेड आरती पासवान, निभा पासवान, चंदा देवी, कंचन देवी, नमिता कुमारी, अनु देवी, बबिता देवी, शकुंतला देवी, इंदु देवी, जागो देवी, बालिका देवी, सुशिला देवी आदि उपस्थित थी।

## बकरीद शांति व सौहार्द पूर्वक मानने के लिए महुदा में शांति समिति की बैठक संपन्न



**महुदा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के महुदा थाना परिसर में बकरीद त्योहार को शांति पूर्वक मानने को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी धीरज कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार ने भाग लिया प्रभारी ने सभी से अपने अपने इलाके में शांति पूर्वक बकरीद मानने की अपील करते हुए कहा की किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देंगे। कही कुछ गड़बड़ी लगता है तो तुरंत मुझे को कॉल कर सकते हैं। जिसका तुरंत करवाई किया जाएगा। शांति समिति की बैठक में मुखिया महेश पटवारी, भरत महतो, सिंगाड़ा मुखिया,के अलावा दर्जनों की संख्या मे लोग उपस्थित हुए।

**पिकल बॉल चैंपियनशिप में झारखंड टीम का दमदार प्रदर्शन**

## सुचेता वर्मा व प्रचेता वर्मा ने डबल्स व आयुष कुमार व प्रचेता ने मिक्स डबल्स में जीता रजत पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड पिकल बॉल के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने जानकारी दी की नोयडा उत्तर प्रदेश में 14 से 16 जुन तक हुए तीसरी ईस्ट जोन एंव सेन्ट्रल जोन पिकलबाल चैम्पियनशिप में प्रचेता वर्मा और सुचेता वर्मा कि जोड़ी ने अंडर 18 कैटेगरी मे झारखंड को सिल्वर मेडल जीताया।

जबकि मिक्स डबल मे आयुष कुमार और प्रचेता वर्मा कि जोड़ी ने सिल्वर मेडल जीता।

जबकि सचिन और रवि कि जोड़ी सेमीफाइनल मुकाबले में हार कर टुर्नामेंट से बाहर हो गई।

टूर्नामेंट मे झारखंड के रूपेश कुमार, प्रभात कुमार, सुमन सिन्हा, प्रखर सिन्हा, राजू सिंह, विनीत सिंह ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया। समापन समारोह के साथ झारखंड को चौथा जोनल टूर्नामेंट अगले साल कराने कि जिम्मेदारी सौंपा गया।

## तिसरी थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिसरी :** तिसरी -तिसरी थाना परिसर में बकरीद पर्व को देखते हुए शनिवार को बीडीओ मनीष कुमार की अध्यक्षता में शांति - समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से इंस्पैक्टर पास्कल टोप्पो व तिसरी थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान बीडीओ मनीष कुमार ने - जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से - बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। वही इंस्पैक्टर पास्कल टोप्पो ने आए हुवे सभी जन प्रतिनिधियों से एक एक करके विचार सुने और बढ़ते गर्मी को देखते हुए कहा की हर व्यक्ति प्रति वर्ष कम से कम दो पौधा जरूर लगाएं। और कहा पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील किए और कहा गलत अफवाह फैलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा वही थाना प्रभारी संजय नायक ने कहा बकरीद त्योहार को शांति पूर्ण रूप से मनाए, क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर पुलिस बल की पैनी नजर रहेगी। पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। ऐसे में कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना पुलिस प्रशासन को दें।इस मौके पर एस आई रोशन कुमार, ए एस आई संजय टुडू, उपप्रमुख बैजू मरांडी, भंडारी मुखिया पिंकेश सिंह ,जिला परिषद रामकुमार रावत, चंदोरी मुखिया प्रतिनिधी राज कुमार दयाल, चंदोरी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र पंडित,मो मुस्तकिम, कादर खान,समाजसेवी सुनील यादव, पूर्णचंद्र गुप्ता,एस आई बुद्धदेव उराव ,सहित कई गन्यमान्य लोग मौजूद थे।

## जमशेदपुर से वाहन चोरी कर भाग रहे दो अपराधी को गिरिडीह नगर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** जमशेदपुर से वाहन चोरी कर भाग निकला दो अपराधियों को बेंगाबाद से पीछा करते हुए नगर थाना की टीम ने गिरिडीह आने वाले रास्ते में रविवार को पकड़ लिया।

पुलिस ने चोरी के टाटा सूमो वाहन भी बरामद किया है। इसके बाद इसकी सूचना जमशेदपुर पुलिस को दी गई।

गिरफ्तार अपराधी में मोहम्मद सफीक अली और राशिद हुसैन शामिल है।

दोनो अपराधियों के ऊपर लूट, फिरौती, आर्म्स एक्ट और गोली मारकर हत्या करने का मामला दर्ज है।

दरअसल जमशेदपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार द्वारा गिरिडीह नगर और बेंगाबाद थाना को सूचना दी गई की दो अपराधी चोरी किया हुआ वाहन लेकर भाग निकला है।

इसके बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई और सूचना के आधार पर बेंगाबाद से उक्त वाहन का पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया।

## योग आयुर्वेद व नियमित जीवनशैली स्वस्थ जीवन का मूल आधार : प्रवीण

# पतंजलि 21 जून को लोहरदगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्सव के रूप में मनाएगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा की जिला कार्यकारिणी की बैठक आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पूर्व की भांति इस बार भी योग दिवस को प्रभावी तरीके से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती में कहा कि योग आयुर्वेद, नियमित जीवनशैली, उचित आहार विहार एवं विचार के बगैर स्वस्थ नहीं रह सकते। योग भारतीय सनातन संस्कृति की विश्व को दी गई अनुपम उपहार है। आज रोगों की भयावहता हर जगह देखने को मिल रही है। अतः हर व्यक्ति को आलस्य एवं प्रमाद का शिकार होकर अनियमित दिनचर्या, तनाव एवं योगाभ्यास की कमी के चलते बीमार पड़ रहे हैं। आज बी पी, शुगर, हृदय रोग, किडनी एवं लीवर एवं तनाव जैसे रोग लोगों को अपनी चपेट में लेकर जीवन को तबाह कर रहे हैं। समय को पहचानते हुए यदि केवल आधे से एक घण्टे निरन्तरता के साथ योगासन, प्राणायाम एवं स्वस्थ दिनचर्या का पालन किया जाय तो रोगों की भयावहता से निश्चित रूप से बचा जा सकता है। बैठक में अपने विचार प्रकट करते हुए राज्य कार्यकरिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिवशंकर सिंह ने कहा कि लोहरदगा शहरी क्षेत्रों से लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक इस वर्ष पतंजलि के योग शिक्षक अंतराष्ट्रीय योग दिवस भाग लेंगे। प्रोटोकाल के तहत भी अभ्यास विभिन्न योग कक्षाओं के माध्यम से अभ्यास कराया जा रहा है। गर्मी छुट्टी के उपरांत विभिन्न विद्यालयों से संपर्क किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती ने बताया कि सभी योग शिक्षकों को 21 जून के कार्यक्रम हेतु पोस्टर, बैनर, प्रोटोकाल के तहत कराए जाने वाले योग पत्रक पतंजलि की ओर से प्रदान किए जाएंगे। सभी योगी योद्धाजन कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर शामिल हों एवं दूसरे को भी प्रेरित करें। इसके लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों से भी संपर्क किया जा रहा है। बैठक में दिनेश प्रजापति, बंशी साहू, जनार्दन पाण्डेय, वीरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, बजरंग प्रसाद जायसवाल, किरण कुमारी, ब्रजमणि पाठक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री से की बानो स्टेशन में तीन ट्रेनों के ठहराव की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा के प्रदेश सह प्रवक्ता अशोक बड़ाईक के पहल पर सुनील कुमार सिंह, संजय मिश्रा, सुषमा देवी और संतोष साहू ने रविवार को केंद्रीय राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से मुलाकात की। साथ ही बानो रेलवे स्टेशन में तीन ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने राज्य मंत्री संजय सेठ को बानो रेलवे स्टेशन में ट्रेन नम्बर 15027-28 मौर्या एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 02831-32 भुनेश्वर धनबाद एक्सप्रेस और ट्रेन नम्बर 08105-06 जयनगर राउरकेला एक्सप्रेस का ठहराव बानो स्टेशन में करवाने की मांग रखी। लोगों ने बताया कि बानो रेलवे स्टेशन में कई ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण न सिर्फ बानो वासियों को बल्कि सम्पूर्ण सिमडेगा वासियों को विशाखापटनम, चेन्नई, कोटा, बंगलोर, भेल्लोर जैसे बड़े शहरों में जाने के लिए रांची अथवा राउरकेला जाना पड़ता है। जिसकी दूरी भी काफी अधिक है। इस कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। इधर संजय सेठ ने भी मामले को गम्भीरता से लेते हुए बानो स्टेशन का डेबलोप करवाने की पहल करते हुए अधिक से अधिक ट्रेनों के ठहराव सुनिश्चित करवाने के लिए पहल करने का आश्वासन दिया।

## बड़की चापि दुर्गा मंदिर परिसर में रामलीला महोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चापि दुर्गा मंदिर परिसर में श्री रामलीला महोत्सव का समापन हुआ। श्री रामायण प्रचारक मंडल काशी विंध्यक्षेत्र विंध्याचल, गड़बड़ा धाम, मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश के द्वारा हो रहे श्री रामलीला महोत्सव का समापन हुआ। इस मौके पर श्री रामायण प्रचारक मंडल काशी द्वारा श्री रामलीला महोत्सव का यशस्वी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बड़की चापि दुर्गा मंदिर में ग्राम वासियों के सहयोग से रखा गया। जिसमें धार्मिक कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने तन, मन, धन से सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मौके पर मुख्य रूप से श्री रामायण प्रचारक मंडल के संचालक मुखलाल शुक्ला सहित रामलाल व्यास, सुरेश पाठक, संतोष तिवारी, रामकुमार, रोहित, राजकुमार, रवि शंकर, सुनील, शैलेंद्र के द्वारा श्री रामलीला का सजीव चित्रण किया गया। इस मौके पर प्रतिदिन यह कार्यक्रम समय 7:30 बजे रात्रि से 10:30 बजे रात्रि तक दिखाया गया। भंडारे का प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर लोगों ने रामलीला महोत्सव देखकर अपने आप को भगवान श्री राम के बताए हुए मार्गो पर चलने हेतु संकल्प लिए। इस मौके पर बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर के पुरोहित श्री अनूप देव पौराणिक के द्वारा आए हुए रामलीला महोत्सव के कलाकारों को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़की चापि पंचायत सहित आसपास के कई गांव के लोगों के प्रतिदिन श्री रामलीला महोत्सव को देखा एवं जिसे जो भी बना तन, मन, धन से श्री रामलीला महोत्सव में आए हुए कलाकारों का स्वागत किया।

# आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम तय किए गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रांची रिंग रोड कांके स्थित सुनैना बैंक्विट हॉल में आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए कई कार्यक्रम तय किए गए। केंद्रीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी 22 जून को अपना स्थापना दिवस पूरे राज्य में बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी और इस अवसर पर 100 पौधा लगाने का लक्ष्य हम सबके सामने होगा। इसी प्रकार 26 जून से 26 जुलाई तक पूरे झारखंड में गांव- गांव जाकर चूल्हा प्रमुख का चयन किया जाएगा और इस चूल्हा समिति में प्रत्येक घर के सदस्यों को जोड़ा जाएगा। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि 8 अगस्त को 1 लाख नए युवा सदस्यों को पार्टी के द्वारा शपथ दिलाई जाएगी और यह युवा आजसू पार्टी के नेतृत्व में झारखंड के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करेंगे। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंडी अखाड़ा के रूप में विधानसभावार कार्यक्रम भव्य रूप से मनाए जाएंगे। 16 अगस्त से 2 अक्टूबर तक पूरे झारखंड में पद-यात्रा का कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरे झारखंड में 800 केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य हैं और यह सभी पार्टी के विस्तार के साथ-साथ झारखंड के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। केंद्रीय समिति के बैठक में गिरिडीह लोकसभा से संसद के रूप में लगातार दूसरी बार निर्वाचित होने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता माननीय चंद्र प्रकाश चौधरी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित सम्मान समारोह मे 70 संस्थाओं ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नई दिशा के तत्वाधान मे महाराजा अग्रसेन भवन रांची मे एक भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सम्मान समारोह मे मंत्री बनने के बाद पहली बार रांची पधारने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सभागार मे संजय सेठ के आगमन पर पुष्पों की वर्षा की गई, मारवाड़ी महिला मंच की महिलाओं ने आरती की थाली सजाकर पूरे पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर स्वागत की। बच्चों ने मनमोहक नृत्य कर अभिनंदन के गीत गाकर पूरे माहौल को खुशनुमा बना दी। सम्मान समारोह में नई दिशा एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति की ओर से सांसद को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा रांची के सांसद को रक्षा राज्य मंत्री का विशिष्ट स्थान मिलना पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। तथा देश के लिए कार्य करने का उन्हें बहुत बड़ा अवसर मिला है। तथा इनको रक्षा राज्य मंत्री बनाए जाने से सभी लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।? सम्मान समारोह में रांची के करीब 70 सामाजिक, व्यवसायिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्री संजय सेठ का पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह व तलवार देकर एवं साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कई प्रबुद्धजनों एवं शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने भी उनका स्वागत किया। सभी लोग खूब उत्साहित एवं प्रफुल्लित थे। अग्रसेन भवन मे उत्साह एवं उल्लास का माहौल था। सांसद संजय सेठ ने सभी संस्थाओं एवं प्रबुद्धजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबों से मिले स्नेह और सम्मान से अभिभूत हूं, उन्होंने कहा कि ईश्वर जब तक जीवन दिया है।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 58 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवाकर हुए लाभान्वित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 105 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय आदि का नारा लगाते हुए नमन किए,आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 58 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की हम सभी का यह प्रयास रहेगा की जरूरतमंदों एवं असहयों का हर तरह के सेवा का कार्य करते हुए उनके अच्छे इलाज की व्यवस्था कराएं एवं जल्द ही असमर्थ लोगों के लिए जरूरी दवाइयों की व्यवस्था भी कराई जाएगी। और कहा की स्वास्थ शरीर के लिए नियमित रूप से सुबह योग एवं व्यायाम करें,स्वस्थ शरीर रहने से ही जीवन जीने का आनंद है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बदलते मौसम पर अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है एवं कड़े धूप से बचें, और ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें। और कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह एवं सह सचिव संजय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर काफी संतुष्ट है, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 जून 2022 से निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है

# 21 जून दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक आयोजित की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पतंजलि योग समिति हरिद्वार के निर्देशानुसार भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति, पतंजलि किसान सेवा समिति एवं युवा भारत की संयुक्त बैठक भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी देवेंद्र सोनी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बैठक को संबोधित करते कहां 21 जून दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को हम सभी योग प्रेमी मिलकर भव्य रूप से मनाएंगे एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए संगठन के द्वारा कई जिले के सभी योग शिक्षकों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए. सर्वप्रथम योग दिवस के लिए एक जगह का चयन करना, साउंड सिस्टम, कारपेट, दरी, मंच एवं योग दिवस से एक दिन पूर्व योग दिवस मनाने के लिए आमंत्रित करना शामिल हैद्य बैठक में मुख्य रूप से युवा भारत जिला प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पंडा, सोशल मीडिया प्रभारी तेजनारायण सिंह, योग शिक्षक सौरभ बड़ाइक, खुदीराम सिंह, नन्द कैंस, डमरूधर सिंह, दूबराज पाइक, संदीप कुमार यादव, देवकरण प्रधान योग शिक्षिका हेमावती कुमारी, अंजनी कुमारी एवं बबीता कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सदस्यता अभियान से गुलजार हो रहा है झारखंड पार्टी का परिवार

# गुलजार गली सहित शहर के कई लोगों ने थामा झापा का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी की बैठक शुक्रवार की रात गुलजार गली में हुई। बैठक में मुख्य रूप से झापा के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, आईरीन एक्का उपस्थित थे। मौके पर गुलजार गली के कई लोगों ने झापा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों का पार्टी का दुपटटा पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर गुलजार गली के लोगों ने कहा कि एनोस एक्का ही हमेशा लोगों के सुख दुःख में खड़े रहते है। उन्होने काम करके दिखाया है इसलिए जिले के विकास के लिए और व्यपारी, फुटपाथ दुकानदार, सब्जी एवं फल विक्रेता आदि की समस्याओं को दुर करने के लिए एनोस एक्का को समर्थन देने की बात लोगों ने कही। मौके पर मनोहर प्रसाद, अवधेश प्रसाद, अरूण प्रसाद, गणेश केशरी, पप्पु चौधरी, मिथेलेश प्रसाद, मनीश केशरी, संजय प्रसाद, रूपेश प्रसाद, मानस, चिंटु वर्मा, मनीश चौधरी, अशोक केशरी, अमीत चौधरी, रामकुमार, सुजीत चौधरी, रिंकू चौधरी, कमल प्रसाद, शिव नारायण केशरी, प्रकाश केशरी, सोनु, विवेक, गौरव, अभिषेक सहित गुलजार गली के कई लोगो ने झापा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर संदेश एक्का, पिंटु सिन्हा, ओलिवर लकड़ा, अभय विष्वकर्मा, अनुप श्रीवास्तव, विष्णु शर्मा, ललन प्रसाद, दीपक प्रसाद, जिया ठाकुर, राजु केशरी, मुकेश प्रसाद, जेपी साह, पप्पु अग्रवाल सहित कई झापा नेता उपस्थित थे।गुलजार गली में आयोजित कार्यक्रम में बस ऑनर एसोसिएशन के सुनील सिंह ने भी झापा का दामन थामा। इनके अलावे प्रिंस चैके से रामनिवास साहु, ठाकुरटोली से सुरजीत दत्ता, शामटोली से अजय प्रसाद, सलडेगा से जगदीश सिंह, श्याम पथ से मनोज प्रसाद आदि ने भी एनोस एक्का के कार्यो पर भरोसा जताते हुए झापा का दामन थामा।

**सभी के सहयोग से सिमडेगा का होगा विकास: एनोस**

कार्यक्रम में पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी के सहयोग से झापा की जीत सुनिश्चित सुनिश्चित करनी है। उन्होने कहा कि सभी लोगों के सहयोग से सिमडेगा जिले का संपूर्ण विकास किया जाएगा जहां लोगों को मुलभुत सुविधा बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। एनोस एक्का ने कहा सभी लोगों की धार्मिक भावना को सम्मान देते हुए समाजिक समरसता का उदाहरण पेश करते हुए धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाले लोगों को कड़ा जवाब दिया जाएगा। एनोस एक्का ने कहा कि व्यापारियों, फुटपाथ दुकानदार सहित हाट बजार करने वाले सभी लोगो की परेशानी को दुर करते हुए व्यापार के लिए एक सुखद वातावरण का निर्माण किया जाएगा ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होने कहा कि जिले में किसी भी धर्म को कोई खतरा नहीं है, कुछ लोग गंदी राजनिति करते हुए अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईरीन एक्का ने कहा कि समाज के निर्माण में महिलाओं की भुमिका

## आंधी -तूफान, ओला और बारिश ने मचायी तबाही, पच्चीस से अधिक घरों में गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग



**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पतिअंबा पंचायत अंतर्गत कारिमाटी और किनीरकेल में अचानक आंधी-तुफान ने अपना खुंखार रूप से, अब तक प्राप्त जानकारी अनुसार पच्चीस से अधिक घर में पेड़ गिरने से पुर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण लोग बेघर हो गए खाने का अनाज, सोने का घर , पहनने का कपड़ा अर्थात जीविका उपार्जन के लिए मूलभूत चीज जैसे रोटी, कपड़ा, मकान कुछ नहीं बचा, अनगिनत पेड़ टूट गए जिससे कारिमाटी के लोगों को गांव से बाहर आने जाने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि सभी जगह के रास्ते में पेड़ गिर पड़ा है पेड़ में लगे आम गिर के खत्म हो गया, अनेक बिजली के खंभे जमीन पर गिर गया इसके कारण बिजली पूर्ण रूप से बाधित हो गया। किंतु अब तक लोगों को प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिला लोग प्रशासन का सहयोग के लिए गुहार लगा रहे हैं। **कहीं खुशी को दुःख में बदल दिया तो कहीं बेसहारा का आशियाना छिन लिया :** कारिमाटी निवासी पियुष समद अपने घर में पारंपरिक रीति रिवाज के साथ डिड़ीकरण का कार्यक्रम अपने सगे-संबंधियों के साथ कर रहे थे किंतु अचानक तुफान से विशाल इमली का पेड़ घर में गिरकर घर को पूर्ण से क्षतिग्रस्त कर दिया।

# सशक्त मानव समाज निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करने की सीख देती है बकरीद : अलीरजा अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** मुस्लिम धर्मावलंबियों में बकरीद या इद-अल-अजहा का त्यौहार पैगंबर हजरत इब्राहिम अ. की अल्लाह तआला की रजामंदी के लिए अपनी सबसे प्यारी चीज की कुर्बानी की याद में मनाई जाती है। आज बकरीद पर्व की चर्चा करते हुए कैरो प्रखंड मुख्यालय निवासी स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के संस्थापक व आजीवन संरक्षक अलीरजा अंसारी ने बताया कि पैगंबर हजरत इब्राहिम अ. का जन्म लगभग 4000 साल पहले इराक में हुआ था। हजरत इब्राहिम अ. को 80 साल के बुढ़ापे में एक बेटा पैदा हुआ था जिसका नाम इस्माइल अ. था जो बाद में नबी बने।सबसे प्यारी चीज को अल्लाह के लिए कुर्बान करने का सपना देखने की घटना पैगंबर हजरत इब्राहिम अ. ने अपने मासूम बच्चे हजरत इस्माइल को बताई। इसपर उनके लाडले बेटे इस्माइल अ. ने कहा कि जो आदेश ऊपरवाले ने दिया है आप वही करें मुझे सब्र करने वालों में पायेंगे। फिर एक रोज बियाबान जंगल में अपने बेटे को नये कपड़े पहनाकर ले गए और हाथ पांव बांध कर और अपनी आँखों में पट्टी बांधकर अपने 7 साल के कलेजे के टुकड़े मासूम बच्चे हजरत इस्माइल की गर्दन पर छुरी चला दी। हालांकि अल्लाह ने अपने हुक्म से बेटे इस्माइल की जगह एक दुंबा (भेड़ जैसी प्रजाति का एक जानवर) की गर्दन रखवा दी और इस तरह दोनों बाप बेटे इश्वरीय परीक्षा में सफल हो गए। मानव सभ्यता में इश्वर के आगे सर्वस्व न्यौछावर करने की इस महान घटना की याद में प्रत्येक वर्ष इस्लामिक साल के अंतिम महीने जिलहिज्जा की दसवीं तारीख को इद-अल-अजहा यानि बकरीद का त्यौहार मनाया जाता है।बकरीद का त्यौहार भक्ति, निष्ठा और बलिदान का प्रतीक है। यह हमें सीख देता है कि अल्लाह की राह में हमें अपनी सबसे प्यारी चीज को कुर्बान करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। अपने अंदर से द्वेष, हसद, जलन, अपने को बड़ा और दुसरों को छोटा समझना, अन्य किसी प्रकार का भेदभाव जैसी बुराइयों का त्याग कर देना चाहिए और एक सफल, सभ्य, सशक्त मानव समाज के निर्माण में अपनी बेहतरीन भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। यह त्यौहार हमें सिखाता है कि समाज के हर तबके को मिल जुल रहना चाहिए और जरूरत में एक दुसरे की सहायता करनी चाहिए तभी हम तरक्की की बुलंदियों को छू सकते हैं जिससे मानव होने का सही अर्थ परिलक्षित हो सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि पैगंबर हजरत इब्राहिम अ. और हजरत इस्माइल अ. ने ही बाद में अल्लाह के हुक्म से खाना-ए-काबा का निर्माण अरब के मक्का नामक स्थान पर किया जहां प्रत्येक वर्ष पूरी दुनिया से लाखों की संख्या में मुसलमान हज करने जाते हैं।

# दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम दामोदर बचाओ आंदोलन,नेचर फाउंडेशन ,देवनद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट, युगांधर भारती एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से धूमधाम के साथ हुआ संपन्न। इस अवसर पर दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नदी पूजन, हवन एवं आरती का आयोजन के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। आज के कार्यक्रम में लोहरदगा जिला रांची, जिला गुमला एवं लातेहार जिला के दर्शनार्थी चूल्हा पानी एवं लोहड़ी बाबा का दर्शन कर सैकड़ो लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू प्रवेश कुमार साह ने कहा कि स्वच्छ जल से ही स्वच्छ जीवन संभव इसे स्वच्छ बनाए रखें ताकि आने वाला समय में यह धरोहर हमारे आने वाले पीढ़ी के लिए काम आए। सचमुच में चूल्हा पानी दामोदर नदी का उत्सव स्थल का पानी अमृत समान है। यहां के जल को ग्रहण करने से सचमुच अमृत के समान है। जिस तरह दामोदर नदी का जल झारखंड का सबसे प्रदूषित जल में आता था ठीक उसके विपरीत दामोदर नदी का उद्गम स्थल चूल्हा पानी का जल स्वच्छ और निर्मल अमृत के समान है। इस अवसर पर दामोदर बचाओ आंदोलन के जिला संयोजक बाल कृष्णा सिंह ने कहा कि अगर हमें जल को संरक्षण रखना है तो ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे पेड़ों को बचाना होगा तभी हमारा यह जल संरक्षण बरकरार रहेगा। आज के कार्यक्रम के माध्यम से संदेश देना चाहते हैं कि सभी अपने जन्मदिन एवं परिजनों के जन्मदिन पर एक-एक पेड़ लगाए। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वृक्ष लगाने और बचाने का भी संकल्प लिया। श्री बाल कृष्णा सिंह ने कहा कि ,माननीय विधायक जमशेदपुर पूर्वी श्री सरयू राय के पहल से आज लोहरदगा जिला के सलगी पंचायत एवं के क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। निश्चित तौर पर धीरे-धीरे यहां का कायाकल्प हो रहा है। आने वाला समय में चूल्हा पानी को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। एक समय ऐसा था कि यहां पर मोटरसाइकिल आना मुश्किल था लेकिन अब चार पहिया वाहन के माध्यम से सीधा चूल्हा पानी तक लोग पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर मुखिया सुमित्रा उरांव बाबूलाल उरांव, विनोद सिंह, रामस्वारथ साहू, विपिन भारती, वीरेंद्र उरांव, जयनारायण प्रजापति, भोपाल पाठक, संजय चौधरी, सरजू साहू, मुनेश्वर साहू, मुकेश यादव, अंबिका प्रसाद सिंह, रूपेश सिंह, अभिमन्यु सिंह, अखिलेश सिंह, छेदी गंझु, सूरज गंझु, रघु गंझु, रामलालगंझु, विनोदगंझु सुभाष यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए

## चलते चलते एक नजर

### कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने अग्निशमन विभाग को तीन कुलर उपलब्ध कराया




**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा अग्निशमन कार्यालय में गर्मी से बचने के लिए कुलर उपलब्ध कराया। इस संबंध में विकास कुमार माली ने बताया कि अग्निशमन सेवा के संयुक्त मंत्री संजय कुमार के द्वारा जानकारी मिली थी कि भीषण गर्मी से वहा कार्य कर रहे कर्मी काफी परेशान है। जानकारी मिलते ही कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव तत्काल अग्नि शमन के संयुक्त मंत्री संजय कुमार को 3 कुलर उपल्ब्ध कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग विभाग के लोग अपनी जान पर खेल कर किसी के घर दुकान आदि जगहों पर आग लगता है तो उसे बुझाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पदाधिकारी और कर्मी को हमारी संस्था से जो भी कुछ सहयोग चाहिए तो हमारी संस्था देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था के द्वारा कुलर उपलब्ध कराया गया है। संस्था अग्नि शमन विभाग के लिए हमेशा तत्पर है।

### रातू रोड कब्रिस्तान में किया गया पौधारोपण



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन जाफरिया रांची के द्वारा शहर में पौधारोपण का काम मस्जिद जाफरिया के प्रसिद्ध धार्मिक विद्वान हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी के नेतृत्व में शहर में वृक्षारोपण शुरू किया गया। इसी क्रम में रातू रोड कब्रिस्तान में करीब 50 पेड़ लगाये गये। जो समय की मांग है। लोगों ने अंजुमन जाफरिया वर्किंग कमेटी के सक्रिय सदस्य सैयद फ़राज़ अब्बास के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया रांची वर्किंग कमेटी के सदस्य नजीब अहमद, वसीम अहमद, जावेद अहमद, सोहेल सईद और अंजुमन जाफरिया के निहाल हुसैन, प्रो आगा जफर, डॉ गजनफर अब्बास, अमौद अब्बास, सैयद शाहरुख रिजवी,जीशान हैदर, हैदर अली, हाजी इकबाल हुसैन, ताबिश अली, कादिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। और अंजुमन जाफरिया के कार्य की सराहना की। मौलाना सैयद तहबीहुल हसन ने शहर के सभी संगठनों से अपील की है कि वे आगे बढ़ें और अपने बुजुर्गों के नाम पर कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएं।

पलामू सौंडिक समाज मेदिनीनगर की एक बैठक होटल ज्योतिलोक में हुई

# सबका ख्याल रखता है सौंडिक समाज : अरुणा शंकर

### 2017 मे ही हमारी आबादी डाल्टनगंज-भंडारिया विधानसभा में 22000 से ऊपर : अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गंगा दशहरा के दिन सोमवार को पलामू सौंडिक समाज मेदिनीनगर की एक अहम बैठक होटल ज्योतिलोक में समाज के अध्यक्ष सतीश साहू की अध्यक्षता में डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए कई गणमान्य लोगों के साथ रखी गई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर उपस्थित थी। जिन्हें समाज की ओर से अध्यक्ष सतीश साहू एवं सतबरवा से आई भाजपा नेत्री प्रीति गुप्ता ने बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सतीश साहू ने कहा कि हमारे समाज के लोग शहर से लेकर हर छोटे से छोटे गांव में बसे हैं। जो समाज की अर्थव्यवस्था बनाए रखने एवं कई लोगों को रोजगार देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। हमारे लोग जहां शहर में बड़े व्यवसाइ के रूप में स्थापित हैं वही गांव गांव में साव जी के नाम से प्रचलित गांव घर के हर सुख दुख में खड़े नजर आते हैं द्य डाल्टनगंज क्षेत्र में हमारे जाति की संख्या बढ़ते जा रही है। क्योंकि प्रमंडल मुख्यालय होने के नाते दूर दराज से कई परिवार बच्चों को एजुकेशन व व्यवसाय करने के लिए तेजी से शहरी क्षेत्र में बस रहे हैं। सतीश साहू ने कहा कि 2017 में हम सबों ने केवल डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा का सर्वेक्षण कराया था। जिसका आंकड़ा लगभग 22 हजार से ऊपर था। श्री साहू ने कहा कि आज की बैठक का मुख्य एजेंडा



पलामू प्रमंडल के हर विधानसभा मैं बैठक कर अपनी जाति का विधानसभा वार सर्वेक्षण कराना,अधूरे पड़े समाज के भवन को पूरा करना एवं समाज का मिलन समारोह करने हेतु विचार करने को लेकर रखा गया है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि हमारा समाज हर समाज के सुख दुख में खड़ा रहता है। बिना भेदभाव किय हमारा समाज रोजगार देता है। हर वर्ग की जरूरत पुरी की जाती है।

आज उसी का नतीजा है कि हर समाज के लोगों ने मिलकर आपके समाज की बेटी को बिना किसी जाति व वर्ग का भेदभाव किए बिना शहर की प्रथम महापौर बना दिया। मैं अपने समाज के साथ-साथ समाज के दूसरे वर्ग का भी शुक्रगुजार हूं, जिनके सहयोग के बदौलत 62 वर्ष तक राज करने वाले का चक्रव्यूह तोड़ सकी। प्रथम महापौर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अपने समाज के लोग सिर्फ लड़कों पर ही नहीं अपनी बेटियों पर भी भरोसा कीजिए। उनको पढ़ाई के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी आगे आने का मौका दीजिए। अब तो सरकार भी राजनीतिक क्षेत्र में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पास कर दिया है। जहां लोकसभा से लेकर विधानसभा तक महिलाएं अपनी बातें प्रमुखता से रख पाएंगी। बैठक में उपस्थित संस्था के संरक्षक आनंद शंकर ने कहा कि समाज के भवन का निर्माण जल्द पूरा करें। मेरी जहां भी सहयोग की आवश्यकता होगी। मेरा परिवार आगे रहेगा।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में उपस्थित संजय प्रसाद,अनिल गुप्ता सलतुआ, संदीप प्रसाद सतबरवा, संतोष गुप्ता,मनोज जी चैनपुर, शशि प्रसाद सोहसा, मिथिलेश प्रसाद गुप्ता, रूपेश कुमार, सिंधु गुप्ता, प्रोफेसर विजय गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद, अवध प्रसाद, सुनील गुप्ता ,सुशील गुप्ता अखिलेश प्रसाद अधिवक्ता,सत्येंद्र प्रसाद अधिवक्ता सभी लोगों ने एक माह के अंदर अपने समाज की जनसंख्या सर्वेक्षण के बाद एक बड़ी बैठक कर हर पार्टी से हर विधानसभा में अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखेगा। बैठक का संचालन संजय गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन राधेश्याम प्रसाद द्वारा किया गया। बैठक में चैनपुर, शाहपुर, सतबरवा, पोलपोल, मेदिनीनगर, भंडारिया, बरगढ़ रामगढ़ से काफी संख्या में प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शिवयोग और सिद्ध योग में 18 को मनाई जाएगी निर्जला एकादशी



**एजेंसी**

**कैथल :** हिंदू धर्म में निर्जला एकादशी व्रत को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। सभी 24 एकादशी व्रतों में निर्जला एकादशी व्रत को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति निर्जला एकादशी व्रत रखता है, उसे सभी 24 एकादशी व्रतों का फल प्राप्त हो जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इस विशेष दिन पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की उपासना करने से और निर्जला उपवास रखने से विशेष लाभ मिलता है और जीवन में आ रही सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं।

गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के ज्योतिषाचार्य पं. रामराज कौशिक बताया कि पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 17 जून सुबह 4¬43 पर शुरू हो रही है। इसका समापन 18 जून सुबह 06¬24 पर होगा। उदया तिथि के अनुसार 18 जून 2024 को निर्जला एकादशी व्रत रखा जाएगा।इस व्रत का बड़ा महत्व है। इस दिन व्रत करने से सालभर की एकादशी का पुण्य मिल जाता है। महाभारत काल में पांडव पुत्र भीम ने भी इस एकादशी पर व्रत किया था। इसलिए इसे भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। इस एकादशी पर पूरे दिन पानी नहीं पिया जाता।पंडित जी के अनुसार स्कंद पुराण के विष्णु खंड में एकादशी महात्म्य नाम के अध्याय में सालभर की सभी एकादशियों का महत्व बताया गया है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित मानी जाती है।

## बेकाबू हुआ आग, धधक रहे अल्मोड़ा और रानीखेत के जंगल

**एजेंसी**

**देहरादून :** उत्तराखंड के जंगलों की आग बेकाबू होती जा रही है। नवंबर से जारी आग की एक हजार से अधिक घटनाओं में करीब डेढ़ हजार हेक्टेयर वन भूमि पर लदी हरियाली जलकर नष्ट हो चुकी है। बिनसर समेत अलग-अलग घटनाओं में अब तक 10 लोंगों की जान चली गई और नौ लोग घायल हो चुके हैं। हालांकि प्रशासन आग पर काबू पाने के लिए समय-समय पर वायुसेना के हेलिकॉप्टरों की मदद ले रहा है, लेकिन आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। नवंबर, 2023 से अब तक प्रदेश में जंगल की आग की 1,242 घटना हो चुकी है, इसमें 1,696 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंच चुका है। जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अप्रैल में नैनीताल जिले में एयरफोर्स का हेलिकाप्टर पहुंचा था। इसी तरह गढ़वाल में भी मई में भी एयरफोर्स का हेलिकाप्टर पहुंचा। राज्य में कुमाऊं मंडल में सबसे अधिक 598 और गढ़वाल मंडल में 532 जंगल की आग की घटना हुई। तपिश बढ़ने के साथ ही अल्मोड़ा और रानीखेत के जंगलों की आग फिर से बेकाबू होने लगी है। आग अब



आईटीआई, विश्वनाथ, कटारमल और सल्ट विकास खंड के डोटियाल के पास जंगलों में धधक गई। सूचना के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया। वहीं, शनिवार को भी विश्वनाथ, कटारमल और सल्ट विकासखंड के डोटियाल के पास जंगलों में भीषण आग लग गई। पूरे दिन जंगल धधकते रहे, लेकिन जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे। पूरे दिन भर जंगल जलते रहे। रानीखेत के सौनी और रीची के जंगल भी धधकते रहे। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

# कृषि व किसान के विकास का रोडमैप तैयार: शिवराज सिंह

**एजेंसी**

**मुरैना :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास पंचायत राज मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान हमारा भगवान है और किसान की सेवा भगवान की सेवा है। कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर सबसे पहले 18 जून को काशी से किसानों को सम्मान निधि की राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी सिंगल क्लिक के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित करेंगे। सरकार किसान कल्याण के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी।केन्द्रीय कृषि मंत्री रविवार को मुरैना रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। केंद्र सरकार



में शामिल होने के बाद शिवराज सिंह चौहान पहली बार मध्य प्रदेश आए हैं। रविवार सुबह शताब्दी एक्सप्रेस से मुरैना पहुंचे शिवराज सिंह चौहान का कार्यकर्ताओं ने मुरैना रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसान कल्याण के लिए अद्भुत व अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इन्हीं कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पूरा करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए कृषि परिदृश्य को आगे ले जाने का काम किया जाएगा। इसका रोड मैप तैयार कर लिया गया है।केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान के साथ उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान भी थीं। केन्द्रीय मंत्री चौहान के स्वागत के लिये भाजपा जिला अध्यक्ष योग

### वैवाहिक बंधन में बंधी पंजाब की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान

**चंडीगढ़ :** पंजाब की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान रविवार को शादी के बंधन में बंध गई। उन्होंने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के वकील शाहबाज सिंह सोही को अपना जीवन साथी चुना है। इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी। पंजाब में यह पहला मौका नहीं है, जब किसी मंत्री या विधायक ने शादी की है। इससे पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान, कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस, गुरमीत सिंह मीत हेयर के अलावा विधायक बलजिंदर कौर समेत कई विधायक शादी के बंधन में बंध चुके हैं। चंडीगढ़ के निकट गुरुद्वारा नाभा साहिब में अनमोल गगन मान तथा शाहबाज के रिश्तेदार मौजूद रहे। इससे पहले चंडीगढ़ के सेक्टर-39 स्थित सरकारी आवास पर मेहंदी की रस्म अदा की गई। इसके बाद नवदंपति जोड़ा जीरकपुर के एकेएम मैरिज पैलेस में पहुंचा, जहां रिसेप्शन का कार्यक्रम रखा गया था।

# जल गंगा संवर्धन अभियान को मिला अपार जनसहयोग : सीएम

**एजेंसी**

**उज्जैन :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गंगा दशहरा का यह पावन अवसर है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तय किया गया था कि पर्यावरण दिवस पांच जून से गंगा दशहरा तक हमारे नदी, कुएं, पोखर, तालाब, झरने आदि जल स्त्रोतों के साथ हमारी ऐतिहासिक धरोहर चोपड़ा बावड़ियों के संरक्षण और संवर्धन का काम किया जाएगा। मुझे बताते हुए खुशी है कि जल गंगा संवर्धन अभियान सफल रहा है।

छह लाख से अधिक लोगों द्वारा अभियान में जन भागीदारी की गई है। जल स्त्रोतों की संरक्षण के लिए 4000 करोड़ रुपये से अधिक के काम किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ यादव रविवार को उज्जैन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत



पुरातात्विक धरोहर मोदी का चोपड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को जल स्त्रोत के संरक्षण और संवर्धन की शपथ दिलाई। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, विवेक जोशी तथा संभागायुक्त संजय गुप्ता, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मोदी का चोपड़ा जल स्त्रोत का भ्रमण किया औरजिला प्रशासन को इस ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा के साथ बेहतर रखरखाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी का चोपड़ा गोवर्धन सागर का ही एक अंग है। इसकी विशेषता यह है कि यहां सदैव पानी की निर्बाध रूप से आपूर्ति बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोत मोदी का चोपड़ा का कायाकल्प किया गया है।

## गंगा दशहरा पर लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** हापुड़ तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर में गंगा दशहरा के मौके पर अलग-अलग राज्यों से लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पूजा अर्चना की. बृजघाट के सभी घाटों पर लोग खचाखच भरे हुए नजर आए. देर रात तक लाखों की संख्या में श्रद्धालु ब्रजघाट पहुंच गए. इस वजह से हाईवे पर वाहनों की भारी भीड़ देखने को मिली.आपको बता दें आज के दिन गंगा पृथ्वी पर आई थीं और इसलिए आज के दिन को गंगा दशहरे के नाम से जाना जाता है. गंगा दशहरा का अपने आप में बहुत बड़ा महत्व है और इसी के चलते लाखों की संख्या में श्रद्धालु तीर्थ नगरी ब्रजघाट पहुंचकर गंगा में डुबकी लगाते हैं. वहीं लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के भी खास बंदोबस्त यहां किए गए हैं. गंगा में गोताखोर भी तैनात किए गए हैं. वहीं दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे को डायवर्ट किया गया है. हापुड़ एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि गंगा दशहरा के मौके पर ब्रजघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है. उनको कोई भी परेशानी ना हो इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं. रास्तों को डायवर्ट किया गया है. गंगा में नांव में गोताखोरों के साथ पुलिस पेट्रोलिंग कर रही है.गंगा स्नान करने पहुंची महिला श्रद्धालुओं ने बताया कि गंगा दशहरा पर यहां पर सभी लोग गंगा स्नान करते हैं. आस्था के लिए लोग यहां आते हैं. माना जाता है, गौरव पांडव ने मुक्ति के लिए अपने पूर्वजो का यहां पर दीपदान किया था और इस वजह से लोगों के अंदर आस्था बढ़ रही है. गंगा दशहरे के दिन ही गंगा मां का अवतरण हुआ था.

### रांची पुलिस ने होटल मौर्या और स्पा सेंटर में की छापेमारी, दो युवतियों समेत तीन गिरफ्तार

**रांची :** पुलिस ने रविवार को अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित होटल मौर्या और स्पा सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दो युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लड़कियों में एक बिहार के हाजीपुर जबकि दूसरी बंगाल की रहने वाली है। सभी को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। हालांकि, कुछ लोग भागने में सफल रहे। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृव में यह छापेमारी की गई। अरगोड़ा चौक के पास सेक्स रैकेट संचालित होने की सूचना एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली थी, जिसके बाद पुलिस की टीम ने अरगोड़ा चौक के पास होटल मौर्या में रेड कर पुलिस ने दो लड़कियों सहित तीन को गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में पुलिस ने मौर्य होटल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में भी छापेमारी की लेकिन वहां कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला।

# दिल्ली मेट्रो के रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर को मिली केंद्र की मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के नरेला और आसपास के इलाकों में रहनेवालों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण के लिए आवास और शहरी कार्य मंत्रालय-डीडीए के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दिल्ली के राजभवन ने यह जानकारी दी है। 26.5 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर कुल 21 स्टेशन होंगे। इसे कुल चार साल की अवधि में पूरा किया जाएगा। राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के सक्सेना ने विभिन्न अवसरों पर केंद्र के समक्ष इस मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण का मुद्दा उठाया था। बयान में कहा गया है कि रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण 6,231 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा, जिसमें दिल्ली में पड़ने वाले भाग पर 5,685.22 करोड़ रुपये और हरियाणा के हिस्से



पर 545.77 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। योजना के मुताबिक, इस कॉरिडोर का निर्माण मौजूदा रेड लाइन के विस्तार के रूप में किया जाएगा। दिल्ली में पड़ने वाले भाग की लागत का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

**20 प्रतिशत खर्च दिल्ली सरकार करेगी:** बयान में कहा गया है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) शेष लागत में 1,000 करोड़ रुपये का योगदान देगा, जबकि 37. 5 प्रतिशत पूंजी द्विपक्षीय/बहुपक्षीय ऋणों से आएगी और लगभग 20 प्रतिशत खर्च दिल्ली सरकार वहन करेगी जाएगी। हरियाणा में पड़ने वाले हिस्से को लेकर राज्य सरकार 80 प्रतिशत अनुदान देगी, जबकि शेष 20 फीसदी राशि केन्द्र सरकार देगी। इससे नरेला, बवाना और अलीपुर इलाकों का शहर के बाकी हिस्से से सम्पर्क में काफी सुधार आएगा और बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।

**तीन राज्यों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी:** यह कॉरिडोर तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के बीच बेहतकर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2028 में इस परियोजना के पूरा होने पर इससे हर रोज 1.26 लाख लोग सफर कर सकेंगे और वर्ष 2055 तक इससे करीबह 3.8 लाख लोग सफर कर सकेंगे। वहीं इस परियोजना से नरेला के डीडीए फ्लैटों की बिक्री में बंपर उछाल आने के आसार हैं।

**रूट और स्टेशन :** रिठाला से शुरू होकर यह मेट्रो लाइन रोहिणी के कई सेक्टर और बवाना इंडस्ट्रीयल एरिया से गुजरते हुए हरियाणा के कुंडली तक जाएगी। रोहिणी के कुल सात सेक्टर से यह मेट्रो लाइन गुजरेगी। इसके अलावा बरवाला, सनोठ गांव, न्यू सनोठ गांव, नरेला, जेजे कॉलोनी, बवाना आद्योगिक क्षेत्र में दो स्टेशन, नरेला क्षेत्र में पांच स्टेशनों का निर्माण होगा।